


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-199 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### झारखंड चुनावः मोहन मरकाम को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर,17 अक्टूबर।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम को बड़ी जिम्मेदारी दी है. झारखंड चुनाव के लिए उन्हें एआईसीसी वरिष्ठ समन्वयक नियुक्त किया गया है. समन्वयकों की जिम्मेदारी दो अन्य नेताओं को भी दी गई है, जिसमें बीके हरिप्रसाद और गौरव गोगोई का नाम शामिल है. यह नियक्ति आदेश जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने जारी किया है. बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव 2 चरणों में होंगे. पहले चरण के लिए मतदान 13 और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा. चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे.

### संजीव खन्ना होंगे अगले चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली,17 अक्टूबर.** जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से उनके नाम की सिफारिश की है। दरअसल, सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस संजीव खन्ना का नाम है। इसलिए जस्टिस खन्ना का नाम आगे बढ़ाया है। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा क्योंकि जस्टिस खन्ना भी 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। बता दें कि परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है।

### कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं,पांच राइस मिलर्स की राजसात होगी अमानत राशि

**रायगढ़,17 अक्टूबर।** समय पर कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले पांच राइस मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है. कलेक्टर ने खाद्य विभाग को अमानत राशि राजसात करने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ दस अन्य राइस मिल संचालकों को भी अंतिम नोटिस जारी किया गया है, जिसका एक सप्ताह के भीतर जवाब देना होगा. खाद्य विभाग ने कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के आदेश पर कार्यवाही शुरू की है. कस्टम मिलिंग के बाद राइस मिल संचालकों को समय सीमा के भीतर चावल जमा करना होता है. दो दिन पहले कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जानकारी ली थी. पांच राइस मिल संचालकों ने नोटिस के बाद भी चावल जमा करने की पहल नहीं की है. इस पर बंसल उद्योग, मंगल ग्रेनस, इसमुंडा राइस मिल, श्री राम राइस मिल और मां दुर्गा फूड्स प्रोडेटेट की अमानत राशि राजसात की जाएगी.

### राजधानी रायपुर में युवक से 20 लाख की लूट

**रायपुर,17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मुजगहन इलाके में 20 लाख रुपये की लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना वेंकट हॉस्पिटल के सामने हुई, जहां अज्ञात बदमाशों ने एक युवक से 20 लाख रुपये लूट लिए। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक अपने काम से जा रहा था, तभी बदमाशों ने उसे घेरकर रुपये लूट लिए।इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। मुजगहन थाना क्षेत्र की क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

### भाजपा नेता के बेटे को कार ने कुचला,मौत

**अंबिकापुर,17 अक्टूबर।** घर के बाहर खेल रहे भाजपा नेता के बेटे को कार ने कुचल दिया. गंभीर हालत में बिलासपुर के अपोलो अस्पताल दाखिल मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई. मामले में आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है.

जानकारी के अनुसार,



# बेंगलुरु टेस्ट में टीम इंडिया का शर्मनाक प्रदर्शन

## भारत 47 रनों पर ऑल आउट,4 खिलाड़ी शून्य पर लौटे पवेलियन

**बेंगलुरु,17 अक्टूबर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला चल रहा है, लेकिन पहले ही दिन टीम इंडिया के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम महज 46 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए, और टीम के 7 बल्लेबाज लंच तक 34 रन पर पवेलियन लौट चुके थे।मैच की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि भारत के टॉप 8 में से 5 बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हो गए, जो भारतीय क्रिकेट इतिहास में पहली बार हुआ है। इससे पहले 1952 और 2014 में भारतीय टीम के 4-4 बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए थे, लेकिन इस बार यह शर्मनाक रिकॉर्ड और भी खराब हो गया।

न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए, जबकि टिम साउदी और विलियम ओ'रोर्के ने भारतीय बल्लेबाजों को उखाड़ फेंकने में अहम भूमिका निभाई। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज भी बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे, जबकि आर अश्विन तो पहली गेंद पर ही आउट हो गए। टीम इंडिया के बल्लेबाजी क्रम का हाल ये रहा कि यशस्वी जायसवाल ने 13 रन बनाए, जबकि रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा और अश्विन एक-एक करके बिना कोई बड़ा योगदान दिए पवेलियन लौट गए। अब न्यूजीलैंड को भारत पर बड़ी बढ़त बनाने का मौका मिला है, और टीम इंडिया को वापसी के लिए चमत्कारी प्रदर्शन की जरूरत होगी।

# बांग्लादेशी शरणार्थियों को मिलेगी भारत की नागरिकता

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली,17 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने असम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए 1985 में संशोधन के माध्यम से नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। देश की सर्वोच्च अदालत ने 4-1 की बहुमत से फैसला सुनाया। संविधान पीठ ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता की पुष्टि की है। इसके तहत 1 जनवरी, 1966 और 25 मार्च, 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले अवैध अप्रवासियों को नागरिकता का लाभ दिया गया था। आपको बता दें कि इनमें से अधिकतर बांग्लादेश से थे। सीजेआई धनंजय वाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, एमएम सुंद्रेश और मनोज मिश्रा की पीठ ने इसके पक्ष में फैसला सुनाया। वहीं, जस्टिस जेबी पारदीवाला ने इस प्रावधान को असंवैधानिक करार देते हुए इसे भविष्य में प्रभावी माना। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, एमएम सुंद्रेश और मनोज मिश्रा की बहुमत की राय से असहमति जताई। यह आदेश उस याचिका पर आया जिसमें कहा गया था कि बांग्लादेश (तब पूर्वी पाकिस्तान) से शरणार्थियों के आने से असम के जनसांख्यिकीय संतुलन पर असर पड़ा है। इसमें कहा गया था कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए राज्य के मूल निवासियों के राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। बहुमत का फैसला पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि धारा 6ए का अधिनियमन असम के समक्ष उपस्थित एक अनूठी समस्या का राजनीतिक समाधान है। बांग्लादेश के निर्माण के बाद राज्य में अवैध प्रवासियों के बड़े पैमाने पर प्रवेश ने इसकी संस्कृति और जनसांख्यिकी को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, केंद्र सरकार इस अधिनियम को अन्य क्षेत्रों में भी लागू कर सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। यह असम के लिए खास बना था। असम में आने वाले प्रवासियों की संख्या और संस्कृति आदि पर उनका प्रभाव असम में अधिक है। असम में 40 लाख प्रवासियों का प्रभाव पश्चिम बंगाल के 57 लाख से अधिक है, क्योंकि असम का क्षेत्रफल पश्चिम बंगाल से कम है।

# भारत माता की जय के साथ 21 बार तिरंगे को सलामी देने की शर्त पर जमानत

**भोपाल,17 अक्टूबर।** अदालत के फैसले में न्यायमूर्ति पालीवाल ने कहा कि फैज़ान को 50,000 रुपये के निजी बांड और इतनी ही राशि की एक सॉल्वेंट ज़मानत जमा करने पर जमानत पर रिहा किया जा सकता है। यह उपाय पूरी कानूनी कार्यवाही के दौरान ट्रायल कोर्ट के समक्ष उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। इसके अलावा, अदालत ने जमानत के हिस्से के रूप में कई अनूठी शर्तें लगाईं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत दे दी है और उसे भोपाल के एक पुलिस स्टेशन में राष्ट्रीय ध्वज को 21 बार सलामी देने और महीने के अंत तक महीने में दो बार भारत माता की जय का नारा लगाने का निर्देश दिया है। आरोपी की पहचान फैजल उर्फ फैजान के रूप में हुई है, जिसे मई में भोपाल के मिसरोद पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153बी के तहत आरोप लगाया गया था, जो उन आरोपों और दावों को संबोधित करता है जो विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी भड़का सकते हैं। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि फैजान के कार्यों ने कलह को बढ़ावा दिया और देश की अखंडता को कमजोर किया। अदालत के फैसले में न्यायमूर्ति पालीवाल ने कहा कि फैज़ान को 50,000 रुपये के निजी बांड और इतनी ही राशि की एक सॉल्वेंट ज़मानत जमा करने पर जमानत पर रिहा किया जा सकता है। यह उपाय पूरी कानूनी कार्यवाही के दौरान ट्रायल कोर्ट के समक्ष उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। इसके अलावा, अदालत ने जमानत के हिस्से के रूप में कई अनूठी शर्तें लगाईं। फैजान को मुकदमा खत्म होने तक हर महीने के पहले और चौथे मंगलवार को मिसरोद पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना होगा। इन यात्राओं के दौरान उन्हें पुलिस स्टेशन पर फहराए गए राष्ट्रीय ध्वज को 21 बार सलामी देनी होती है और दो बार भारत माता की जय का नारा लगाना होता है।

# कनाडाई पीएम से मेरे गहरे रिश्ते, मैंने ही भारत के खिलाफ उकसायाः पन्नू

**नई दिल्ली,17 अक्टूबर।** भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने वाले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो अपने ही जाल में फंसते जा रहे हैं। अब खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडाई पीएम की पोल खोलकर रख दी है।

पन्नू ने जस्टिन ट्रूडो के साथ अपने सीधे रिश्तों की बात कबूल की है। पन्नू ने दावा किया कि वह पिछले तीन सालों से ट्रूडो के सीधे संपर्क में रहा है और उसने ही भारत के खिलाफ जानकारी मुहैया कराई, जिस पर ट्रूडो ने कार्रवाई की। पन्नू ने दावा किया कि पिछले दो-तीन सालों से वह जस्टिन ट्रूडो के कार्यालय के साथ संवाद कर रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक संबंध काफी तनावपूर्ण हो चुके हैं। पन्नू ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने सोमवार को जो सार्वजिनक बयान दिया था, वह न्याय, कानून के शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति कनाडा की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। न्याय के



लिए सिख प्रधानमंत्री कार्यालय से पिछले 2 से 3 वर्षों से संपर्क में हैं वे सभी जासूसी नेटवर्क का ब्यौरा दे रहे हैं। पन्नू ने फिर आरोप लगाया कि भारत सरकार ने उसको मारने की साजिश रची, जिससे वह नहीं डरता। उसने आगे कहा, 'निश्चित रूप से, मैं खालिस्तानी अभियान तभी चला पाऊंगा जब मैं जीवित रहूंगा। इसलिए मैं यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सुरक्षा उपाय कर रहा हूं कि मैं खुद को सुरक्षित रख सकूं और दुनियाभर में खालिस्तानी कैंपेन को जारी रख सकूं।

# खूब जमेगा रंग जब जेल में बैठेंगे तीन यार..

**सूरजपुर,17 अक्टूबर।** पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ गया है। हाल ही में सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के बाद पूरे प्रदेश में आक्रोश का माहौल है। अब इस हत्याकांड में सियासत शुरू हो चुकी है। इसी बीच छत्तीसगढ़ बीजेपी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। बीजेपी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया है। जिसमें कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। बीजेपी ने अपने पोस्ट में भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के साथ सरगुजा कांड के दो प्रमुख आरोपियों की फोटो डालकर पोस्ट किया है। बीजेपी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि 'खूब जमेगा रंग जब जेल में बैठेंगे तीन यार..होंगे हर अपराधी जेल में, ज़ीरो टॉलरेंस है ''विष्णु सरकार''' आपको बता दें कि सूरजपुर हत्याकांड के बाद लगातार बीजेपी और कांग्रेस एक



दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और लगातार पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी कुलदीप साहू सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में NSUI नेता सीके चौधरी भी शामिल है।

# देश की संसद, दिल्ली एयरपोर्ट भी वक्फ की जमीन पर

**नई दिल्ली,17 अक्टूबर।** ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के अध्यक्ष और पूर्व सांसद बदरुद्दीन अजमल ने दावा किया कि राजधानी दिल्ली की संसद और आसपास के इलाके की इमारतों का मालिक वक्फ बोर्ड है. अजमल ने कहा राजधानी में वसंत विहार से एयरपोर्ट तक का क्षेत्र वक्फ की संपत्ति पर है और सरकार 9.7 लाख बीघा जमीन हड़पना चाहती है. उन्होंने मुस्लिम समाज को भी वक्फ की जमीन देने की मांग की है. पूर्व सांसद अजमल ने कहा इस बारे में आवाजें उठ रही हैं और दुनिया भर में वक्फ संपत्तियों की सूची सामने आ रही है. संसद भवन, उसके आसपास के इलाके और वसंत विहार से लेकर एयरपोर्ट तक का पूरा इलाका वक्फ की संपत्ति पर बना है. लोगों का यह भी कहना है कि एयरपोर्ट वक्फ की संपत्ति पर बना है, वक्फ की जमीन का बिना अनुमति के इस्तेमाल करना गलत है. वक्फ बोर्ड के इस मुद्दे पर मोदी सरकार बहुत जल्द अपनी सरकार खो देंगे, उन्होंने आगे कहा. इस बीच, विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान संसदीय आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है. इस पत्र में, विपक्षी सांसदों ने समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल द्वारा 14 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित JPC की बैठक के दौरान संसदीय आचार संहिता और प्रक्रिया के नियमों के कई उल्लंघनों का आरोप लगाया है.



# बिहार में जहरीली शराब पीने से 30 से ज्यादा की मौत

**पटना,17 अक्टूबर।** बिहार में जहरीली शराब ने एक बार फिर कोहराम मचाया है। इससे खुशियों के त्योहार दिवाली से चंद दिन पहले बिहार में मातम पसर गया है। जहरीली शराब पीने से 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई लोगों के आंखों की रोशनी गायब हो गई है। जानकारी के मुताबिक सिवान में 26 और सारण में अबतक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिवान में 29 और सारण में 10 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। सारण से एक और सिवान से 4 लोगों को गंभीर हालत में पटना स्थित पीएमसीएच रेफर किया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहरीली शराब कांड की जांच का आदेश दिया है।पटना से भी इस मामले की जांच के लिए टीम भेजी गई है।



भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मगहर कौरिया पंचायत में संदेहास्पद परिस्थिति में मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के पश्चात जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनु0 पुलिस पदाधिकारी द्वारा भगवानपुर हाट पहुंचकर मामले की गहनता से जांच की गई।(1/2) सिवान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है. जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के माघर गांव में पॉलीथिन वाली जहरीली शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। उल्टी, पेट दर्द और आंखों से नहीं दिखने की शिकायत के बाद कई लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 26 लोगों की मौत हो चुकी है। 4

# विपक्ष को कमजोर नहीं समझते, लेकिन हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगेः साय

**रायपुर,17 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव का बिगुल बच चुका है. तारीख के ऐलान के साथ राजनीतिक दल खासकर भाजपा और कांग्रेस जोर-शोर से चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं. उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आत्मविश्वास भरा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हम इस चुनाव को एक चुनौती मानते हैं. सामने वाले को कमजोर नहीं समझना चाहिए. रायपुर दक्षिण सीट भारतीय जनता पार्टी की है, बृजमोहन अग्रवाल 8 बार लगातार विजयी हुए हैं. विधानसभा चुनाव 2023 में बड़े मार्जिन से जीते हैं. निश्चित रूप से इस सीट को भाजपा भारी मतों से जीतेगी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह बयान हरियाणा दौरे पर रवाना होने से पहले दिया. मुख्यमंत्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी हरियाणा के लिए रवाना हुए. मुख्यमंत्री साय ने दौरे को लेकर कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में जा रहे हैं, दोनों उपमुख्यमंत्री भी साथ जा रहे हैं. शपथ के बाद प्रधानमंत्री के साथ बैठक भी है.


# अंबिकापुर में मां महामाया एयरपोर्ट का 20 को मोदी करेंगे लोकार्पण

**अंबिकापुर,17 अक्टूबर।** रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के बाद अब प्रदेश के चौथे शहर अंबिकापुर से नियमित हवाई सेवा की तैयारी शुरू हो गई है. इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को दिल्ली से वर्चुअल जुड़ते हुए दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे. अंबिकापुर-मैनपाट मार्ग पर ग्राम दरिमा में वर्ष 1950 से हवाई पट्टी थी, जिसका विकास हवाई अड्डे के रूप में किया गया है. विमान सेवा शुरू होने के पहले से ही दरिमा का हवाई पट्टी विशिष्टजनों के प्रवास का गवाह रही है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दो बार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार विमान से दरिमा आ चुके हैं. अब भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना उड़ान योजना के तहत दरिमा एयरपोर्ट को नियमित उड़ान के लिए लाइसेंस मिल गया है. अम्बिकापुर के दरिमा विमानतल से हवाई सेवा के लिए केंद्र सरकार निजी विमानन कम्पनी को ठेका देगी. अंबिकापुर के निकटतम बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के विभिन्न महानगरों के लिए अलायंस एयर कम्पनी द्वारा सुविधा मुहैया कराई जा रही है.

# छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र से जोड़ने वाला नेशनल हाइवे ब्लॉक

**मोहला-मानपुर,17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 930 पर लंबा जाम लग गया है. अवैध रेत से लदे हाइवा और तीन भारी मानपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित फारेस्ट बैरियर के पास फंस गए, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं. मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात से मानपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित फारेस्ट बैरियर के पास अवैध रेत से लदे वाहन के गड्ढे में फंस जाने से नेशनल हाइवे जाम हो गया है. वहीं मौके पर करीब दर्जन भर हाइवा वाहन अवैध रेत से लदे हुए हैं, जो जाम का कारण बने हैं. बावजूद इसके अवैध रेत परिवहन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है. मानपुर तहसील कार्यालय के सामने ही अवैध रेत से लदी ट्रकें सड़क पर खड़ी हैं. जाम को खुलवाने के लिए पुलिस के जवान जुटे हुए हैं, लेकिन स्थिति अभी तक सामान्य नहीं हो पाई है. कुछ दिन पहले अवैध रेत परिवहन से सड़कें जर्जर होने से परेशान सहपाल गांव के ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था. यह घटना माइनिंग विभाग और स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है. नेशनल हाइवे पर जाम लगने से हजारों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.



एक नजर

## गांजा बेचते दो गिरफ्तार



**भिलाई, 17 अक्टूबर।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र गांजा की बिक्री करते दो आरोपियों को धमधा बस स्टैंड में पुलिस ने पकड़ा है आरोपियों को धारा 20 (इ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है धमधा टीआई पी.डी. चन्द्रा ने बताया कि आरोपी राजेन्द्र महाकुल द्वारा रामसाय को फोन में कहा कि तुम धमधा बस स्टैण्ड में मिलो मैं वहीं गांजा का पैकेट लेकर मिलूंगा धमधा बस स्टैण्ड में राजेन्द्र महाकुल का इंतजार कर रहा था उसी समय राजेन्द्र महाकुल 24 पैकेट गांजा लेकर आया इसमें से रामसाय 2 पैकेट को 9 हजार रु. में दिया और दो पैकेट को राजेन्द्र महाकुल अपने पास रखा इसके बाद आरोपी अपने गांजा पैकेट को विक्री करने ले जाने के लिये बस का इंतजार करते खड़े थे इसी दौरान पुलिस बस स्टैण्ड धमधा में जाकर रामसाय पटेल एवं राजेन्द्र महाकुल को पकड़कर कार्रवाई की हैं। इनके कब्जे से 4 किलो गांजा कीमती करीबन 40 हजार रूपये की मिली है आरोपियों पर धारा 20 (इ) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### आनलाइन सट्टा में दांव लगाने वाला पकड़ाया

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** भिलाई ऑनलाइन सट्टा रेड्डी अन्ना में दांव लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्रीराम चौक खुर्सीपार में बापू नगर जोन 2 एमपीए रोड निवासी सुदीप कुमार अपने घर में ऑन लाईन जुआ मोबाईल से खेल रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सुदीप कुमार को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त किया है। सुदीप को धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया गया जिसमें मोबाईल फोन और बिल पेश किया। मोबाइल पर एक वाट्सअप ग्रुप भी मिला है जिसमें वेलकम टू रेडडी अन्ना और हाथ जोडने का निशान पाया गया मोबाईल धारक द्वारा 2 हजार रूपये का लेनदेन, वाटसप नम्बर वाले के द्वारा जुआ से जुड़ी अन्य जानकारी उसमें मिली है सुदीप कुमार ऑन लाईन प्लेटफार्म पर मोबाईल से जुआ खेलते पाया गया सुदीप को पुलिस ने मुचलके पर छोड़ दिया है।

### फल मार्केट दुकान में लगी आग



**भिलाई, 17 अक्टूबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र पावर हाउस फल मार्केट की दुकान में रात आग लग गई। जिससे दो फल दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी का कारण बिजली खंभे में शॉर्ट सर्किट वजह बताया जा रहा है। आग लगने पर पहले बुझाने में व्यापारी जुट गए। अग्निशमन यंत्रों का भी इस्तेमाल किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल और एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया गया अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग के प्रभारी एवं जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम ने एक दमकल गाड़ी पानी का उपयोग कर करीब एक घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया दमकल कर्मियों का कहना है कि, आग अधिक नहीं फैली, इसलिए बड़ा हादसा होने से टल गया। बअग्निशमन कर्मी भगवती, शारदा, पराग, राम सिंह द्वारा एक अच्छी टीम बनाकर आग जनी स्थान पर समय पर पहुँच कर आग को समय पर काबू पाया लिया गया एवं स्पॉट पर किसी भी प्रकार की घटना नहीं हुआ।

### बकरा चोरी,6 लोग गिरफ्तार

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** भिलाई पाटन थाना क्षेत्र बकरा चोरी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि ग्राम बठोना पाटन में बकरी चोरी करने की शिकायत मिली थी घटना की शिकायत रामनाथ चकरधारी ने पुलिस से किया था पुलिस चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए जुटी रही पुलिस ने तकनीकी जानकारी इकठ्ठा कर सूचना पर सुपेला निवासी अरुण कुमार घृतलहरे, सेक्टर - 6 भगवानदास उर्फ खरगोश जोशी, रुआंबांधा ओमप्रकाश उर्फ वर्मा, अशफाक अली उर्प भाखड़ू, छावनी सलमान कुरैशी को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से पुलिस ने 12 नग बकरा और चार पहिया वाहन सीजी 7 बीडी 9580, मोबाइल फोन को जब्त किया है उक्त समानों की कीमत 7 लाख 41 हजार रुपए आंकी गई है।

# शोभायात्रा निकाल कर राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 17 अक्टूबर।** ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोपली कोसरिया यादव समाज खोपली द्वारा आयोजित मंदिर लोकार्पण एवं राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर, मंदिर का लोकार्पण किया और भगवान श्री राधा कृष्ण जी की पूजा अर्चनाकर प्रदेशवासियों सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की ,

इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज की ओर से पारंपरिक वेश भूषा,राउत नाचा के साथ भव्य शोभा यात्रा कलस, यात्रा निकाला गया, और पूरे ग्राम का भ्रमण कर किया गया ,वैदिक मंत्रोच्चारण , महायज्ञ के साथ राधा कृष्ण की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ।समाज की बिटिया व मातृ शक्ति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कियाइस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा भारतवर्ष के इतिहास में यदुवंशियों का अविस्मरणीय योगदान है भगवान श्री कृष्ण के वंशज यदुवंशियों एवं ग्राम वासियों ने राधा कृष्ण मंदिर के स्थापना के यह एक नेक कार्य है इसकी जितनी सराहना कीजिए वह काम है यादव समाज अपनी पुरातन संस्कृति को संयोजे हुए हैं, आज मंदिर के निर्माण से गांव में भक्ति भाव माहौल पैदा होंगे।भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की । इस अवसर पर प्रमुख रूप से यादव समाज अध्यक्ष मंतराम यादव अध्यक्ष दानेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष हरीश यादव ,उपाध्याय टीकेश्वर यादव, सचिव नरेंद्र यादव हितेश यादव पवन यादव, सुमेश यादव भावेश यादव राजू यादव रेमन यादव, महिला संगठन अध्यक्ष जागेश्वर यादव राणु यादव, सोहद्रा यादव, लोकनाथ यादव शंकर यादव, रामाधीन यादव, मन्नू यादव जगतु यादव, ग्राम पंचायत सरपंच मंजूफत्ते लाल वर्मा, उदय मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, जनपद सदस्य डोमन लाल भारती उपसरपंच सुमन साहू सचिव पुरानी साहू उतई मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,कोडिया यादव समाज अध्यक्ष बरातु यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु,राजू साहू सुभम वर्मा, मंगती बाई यादव ,लोकेश्वरी यादव,युवा अध्यक्ष कोमल यादव तारामाती यादव ,महिला अध्यक्ष ओमबाई यादव,, घनश्याम चंद्राकर, लक्ष्मी बंजारे बिंदा सपहा, टिकेश्वरी साहू ,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सहित समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।





# संकुल गायन प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 17 अक्टूबर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई, दुर्ग के तत्वाधान में विद्यार्थियों की गायन कला को उभारने के उद्देश्य से दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह ,उतई में निजी स्कूल संकुल स्तरीय गायन प्रतियोगिता ÷मेरी आवाज सुनो÷(सुर सरिता) का आयोजन किया गया जिसमें उतई, पुरई एवं डुंडेरा संकुल के 6 निजी स्कूल दीपशिखा विद्यालय उतई, नव मंगल हाई स्कूल पुरई, राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल डुंडेरा, महर्षि विद्या मंदिर पुरई ,द्रोणाचार्य विद्यालय उतई तथा नव मंगल मिडिल स्कूल धनोरा के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिए। यह प्रतियोगिता चार स्तर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक ,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर संपन्न हुआ ।हम सभी जानते हैं कि विद्यार्थियों में सभी प्रकार की दक्षता एवं सामर्थ्य होता है चाहे वह बौद्धिक ,शारीरिक सृजनात्मक एवं अन्य कला क्यों ना हो बस उन्हें जागृत करने के लिए अवसर अर्थात प्लेटफार्म की आवश्यकता होती है इन्हीं कड़ी में विद्यार्थियों के गायन शैली को उभारने, परखने एवं प्रोत्साहित करने हेतु दीपशिखा विद्यालय उतई में यह आयोजन किया गया । निजी विद्यालयों के द्वारा आयोजित यह तृतीय कार्यक्रम था । इसके पूर्व निजी विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग स्तर के लिए अलग-अलग विषय दिया गया प्राथमिक में किसी प्रकार का कोई बंधन नहीं था ।माध्यमिक विभाग के लिए छत्तीसगढ़ी गीत हाई स्कूल के लिए भजन या कोई भी भगवान भक्ति तथा हायर सेकेंडरी के लिए देशभक्ति गीत ।सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने गायन कला के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर एवं आनंदित किए। इस बीच दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सनद देवांगन, सचिव श्री राजेश द्विवेदी, संगठन सचिव श्री डी एल सिन्हा, नव मंगल हाई स्कूल के संचालक दयाराम साहू ,महर्षि विद्या मंदिर के संचालिका राजेश्वरी साहू प्राचार्य के आर सिन्हा दीपशिखा विद्यालय एवं सभी स्कूल से आए हुए शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का लुत्फ उठाए ।इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से कु. टुकेश्वरी साहू प्रथम दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह, उतई ,मोक्ष साहू ,समीर साहू द्वितीय महर्षि विद्या मंदिर पुरई, कु. आरोही साहू, कु. इशिता साहू तृतीय दीपशिखा विद्यालय मोहित कुमार यादव तृतीय नव मंगल विद्यालय ,समीर साहू तृतीय राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक विभाग से कु. इशा मंडावी प्रथम दीपशिखा विद्यालय , कु. तानिया द्वितीय दीपशिखा विद्यालय , कुणाल देवांगन द्वितीय नव मंगल विद्यालय , रितेश वर्मा तृतीय दीपशिखा विद्यालय ,कु. छाया साहू तृतीय नव मंगल विद्यालय धनोरा, कु. धात्री यादव तृतीय द्रोणाचार्य विद्यालय उतई हाई स्कूल से कु. रूचि मंडले प्रथम राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल , कु. रोशनी गजपाल द्वितीय नव मंगल विद्यालय कु. एकता वर्मा तृतीय दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई। सभी उत्कृष्ट योग्यता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल भेंटकर सम्मानित किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुलिस ने मारपीट के मामले में 3 को किया गिरफ्तार

**भिलाई, 17 अक्टूबर।** गरबा नृत्य बंद होने की बात को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में खुर्सीपार पुलिस ने नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार किया है खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भरद्वाज ने बताया कि न्यू खुर्सीपार निवासी सुनील धृतलहरे अपने मोहल्ले की समिति मां वैष्णो मित्र मंडल के सदस्यो के साथ पंडित नेहरू स्कूल में गरबा कार्यक्रम देख रहा था तभी रात 10-30 बजे जुगनू उर्फ हरिशंकर, लोकेश्वर सोनवानी, कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा पहुंचे। गरबा को बंद करने की बात को लेकर विवाद करने लगे। बाक्स नहीं बजाने पर जुगनू आक्रोशित होकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित पर अपने जेब में रखे धारदार चाकू से हमला कर फरार हो गया घटना में पीड़ित को दाहिने सीने के नीचे चोट आई है ।

# मोर संगवारी योजना से सब काम हुआ आसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक मोर संगवारी सेवा योजना की शुरूवात की गई है। नागरिक पहले कोई भी दस्तावेज या प्रमाण पत्र बनाने इधर-उधर घूमते रहते थे। जिससे उनका किमती समय बर्बाद होता था। मोर संगवारी सेवा योजना लागू होने से नागरिको को आफिसो तक जाने की आवश्यकता नहीं है। कागज को इकट्ठा करना क्या कागज लगेगा क्या नहीं लगेगा इसकी जानकारी देना इस सब की परेशानी से अब बचाव हो रहा है। आप संगवारी को बुलाए वह सब जानकारी देगा। नागरिक अपना कागज तैयार तैयार करके रखेंगे वह घर आकर ले जाएगा। सब प्रकार के प्रमाण पत्र घर में लाकर देगा। इसका सर्विस शुल्क मात्र ?50 है। नागरिक घर बैठे मोर संगवारी सेवा योजना के टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल कर अपनी सुविधा के अनुरूप प्रमाण पत्र बनवा सकते है।

नगर निगम भिलाई में मोर संगवारी सेवा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में 27 प्रकार की सेवाओं का लाभ दिया जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से जन्म पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु पंजीयन, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर जोड़ना या सुधार, शिशु आधार पंजीयन (5 वर्ष तक के बच्चों का), भूमिसूचना (भूमि उपयोग), नवीन पैन कार्ड में सुधार, डुप्लीकेट पैन कार्ड, दस्तावेज के नकल, गैर डिजिटल (भूमि रिकार्ड आदि की प्रति), श्रम कार्ड, राशन कार्ड को सम्मिलित किया गया है।वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अनुरोध किये है कि छत्तीसगढ़ शासन की मोर संगवानी योजना की बहुत ही अच्छी योजना है। बस आपको 14545 पर कॉल करना है घर बैठे सुविधा मिलेगी कहीं जाना नहीं है जो काम निगम में जाकर करवाते वह काम घर बैठे करवा सकते हैं इसका लाभ क्षेत्र के हर नागरिको को लेनी चाहिए। इस योजना से सभी नागरिको का काम आसान हो रहा है। इधर-उधर आने-जाने से समय की बर्बादी से बचें।

## मनहरण कौशिक की सक्रियता से साफसफाई युद्धस्तर पर जारी

**कवर्धा, 17 अक्टूबर।** सुबह सुबह हर दिन सड़को की साफ सफाई का जायजा लेने पहुंच जाते है नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक और उपस्थित रहकर वार्डो में सफाई की मॉनिटरिंग करते हुए देखे जाते है और तरुण छत्तीसगढ़ से अध्यक्ष ने कहा की स्वच्छता बहुत जरूरी है और बेहतर स्वच्छता होगी तो मन ओर शरीर दोनों अच्छा रहेगा । बेहतर स्वच्छता के मद्देनजर अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने विनम्र अपील की घर का कचड़ा वाली गाड़ी में ही डाले और अपने घर के आसपास सड़को ओर नाली में कचड़ा ना डाले । सभी जनप्रतिनिधि भी अपने वार्डो में साफ सफाई पर फोकस रखें क्योंकि बेहतर स्वच्छता में हम सबकी सहभागिता बहुत जरूरी है । कल ओर आज में वार्ड एक , दर्री पारा , नवीन बाजार में सफाई की मॉनिटरिंग करते हुए अध्यक्ष मनहरण कौशिक दिखे । किसी भी व्यक्ति का फोन आने पर त्वरित फोन उठाते हो और समस्याओं का निराकरण हमेशा करते है ।





# शासकीय महाविद्यालय पिपरिया एवं हाईस्कूल मरका में साइबर अपराध व ठगी से बचने के उपाय बताए



**कवर्धा, 17 अक्टूबर।** महाविद्यालय/स्कुल में उपस्थित शिक्षक/शिक्षिका - एंव छात्र/छात्राओ को साइबर अपराध एंव साइबर ठगी से बचने का उपाय बता कर किया गया जागरूक। कबीरधाम जिला के पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देशन एंव अति0 पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज दिनांक- 16/10/24 को थाना प्रभारी पिपरिया एंव स्टाफ द्वारा शासकीय महाविद्यालय पिपरिया एवं हाई स्कुल मरका में साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कुली छात्र एंव छात्राओ व समस्त शिक्षकगण उपस्थित हुए जिन्हे साईबर अपराध एंव साइबर ठगी होने से बचने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया, साथ ही आमतौर पर सबसे ज्यादा ठगी किए जाने वाले तरीके जैसे - लोन देने के नाम पर ठगी, आनलाईन नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, टावर लगाने के नाम पर, बैंक से बोल रहा हूँ कहकर ठगी, फर्जी लाटरी लगने का झासा देकर ठगी, साइबर स्टकिंग, हाउस अरेस्ट, सैक्शटार्सन, व्हाटसप, फैसबुक इंस्टाग्राम का क्लोन बनाकर उनके दोस्तों के साथ पैसे की मांग करके ठगी करना एंव फर्जी एप्लीकेशन इत्यादि के बारे में जानकारी दिया गया एंव सतर्कता पुर्वक कम्पयुटर व मोबाईल का उपयोग करने कहा गया। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्प लाईन मे सम्पर्क करने हेतु भी जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय/स्कुल मे उप0 शिक्षक/शिक्षिका एंव छात्र/छात्राओ को साइबर अपराध सबंधी पाम्पलेट का भी वितरण किया गया । साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूल एवं महाविद्यालय तथा ग्रामो के साप्ताहिक हॉट बाजारों में पाम्पलेट के माध्यम से तथा प्रतिदिन सोशल मीडिया फेसबुक, इन्स्टाग्राम तथा पुलिस मितान व्हाट्सप्प ग्रुप/चैनल के माध्यम साइबर ठगी से सम्बंधित पाम्पलेट के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## डिप्टी सीएम की पहल से कवर्धा में चहुमुखी विकास :मनहरण कौशिक



**कवर्धा, 17 अक्टूबर।** कवर्धा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा की विकास की लगातार सौगात से कवर्धा शहर में विकास बहुत हो रही है और सड़को के उन्नयन से कवर्धा शहर वासियों में खुशी की लहर है ।

# बारनवापारा अभयारण्य में 21 से 23 अक्टूबर तक बटरफ्लाई मीट

भुवनेश्वर प्रसाद साहू

**कसडोल, 17 अक्टूबर।** वन विभाग एवं बारनवापारा अभ्यारण्य के संयुक्त तत्वाधान में 21 से 23 अक्टूबर तक अभ्यारण्य में बटरफ्लाई मीट का आयोजन किया जाएगा ! जिसके माध्यम से प्रकृति प्रेमियों को तितलियों को करीब से जानने और पहचानने का मौका मिलेगा !

साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा तितलियों के पर्यावास एवं उनके महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिभागियों के साथ साझा की जाएगी ! उक्त आयोजन की यह तीसरी कड़ी है ! इसके पूर्व सन 2022 एवं सन 2023 में इस प्रकार का आयोजन किया गया था ! वन-विभाग द्वारा बटरफ्लाई मीट की तैयारी पूरी कर ली गई है , आयोजन में भाग लेने एवं जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड को भी जनरेट किया गया है जिसके माध्यम से आसानी से पंजीयन कराया जा सकता है ! बटरफ्लाई मीट में प्रतिभागी स्टूडेंट के लिए 1500 रुपये एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 2000 रूपये पंजीयन शुल्क रखा गया है ! इसके साथ ही भाग लेने के लिए 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है।बारनवापारा अभ्यारण में 150 प्रजातियों की तितलीयां एवं मोथ पाई जाती है जिसमें से वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की शेड्यूल वन की क्रिमसन रोज ( पैचीलोप्टा हेक्टर ) डनाइड इगली ( हाइपो सिलिमस मिसीपस ) शेड्यूल दो की सीपोरा निरीसा , होगारा , नेक्स ,यूक्रीशाप्श ,सीनेजस , जेनेलिया लेपिडिया, , रपेला वरूणा , लेपिड्र्स , बोइहन , तजुना शिप्स आदि पाई जाती है ! शेड्यूल छह के भी बहुत से प्रजाति पाई जाती है ।





### पर्यटकों को आकर्षित करता है बारनवापारा अभ्यारण्य

विगत 3 वर्षों से बारनवापारा अभ्यारण्य में 14 से 16 हाथियों का एक दल निवास कर रहा है साथ ही साथ विगत 8 माह से एक बाघ भी लगातार अभ्यारण्य में विचरण कर रहा है ! बारनवापारा नाम बार और नवापारा ( दो ) गांव से मिलकर बना है ! बारनवापारा अभ्यारण अपनी स्थापना के बाद से ही देश के हर हिस्से से पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है ! बारनवापारा वन्य जीव अभ्यारण छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में स्थित है ! अभ्यारण्य की कुल क्षेत्रफल 244.66 वर्ग किलोमीटर है ! अभ्यारण्य की स्थलाकृति समतल और लहरदार इलाका है ! ऊंचाई 640 मीटर समुद्र तल से है ! बालमदेही , जोंक ,महानदी आदि नदियां अभ्यारण्य की जीवन रेखा है जो अभ्यारण्य की जल की कमी को पूरा करने के लिए अभ्यारण्य के साथ-साथ ही बहती हैं!

### रायपुर से 106 किलोमीटर की दूरी पर है बारनवापारा अभ्यारण्य

पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए इसमें वन्य -जीवों का अच्छा घनत्व है । अभ्यारण्य के अंदर स्थित बलार जलाशय में विभिन्न प्रकार के पक्षियां और मछलियां पाई जाती है । अभयारण्य लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए इको टूरिज्म को बढ़ावा दे रहा है । बारनवापारा तक पहुंचाने के लिए रायपुर से सड़क मार्ग से 3 घंटे का सफर तय करना पड़ता है। रायपुर से महासमुंद मार्ग से सिरपुर फिर बारनवापारा या बलौदाबाजार कसडोल से बारनवापारा अभ्यारण्य रुकने के लिए रिसॉर्ट और लाज , बारनवापारा और कसडोल में उपलब्ध है।

## एक नजर

### अधेड़ व्यापारी हुआ लूट का शिकार

डोंगरगढ़ ,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। दिनदहाड़े अधेड़ व्यापारी के साथ लूटपाट की घटना से सनसनी फैल गई! घटना के बाद अधेड़ व्यापारी मामले की लिखित शिकायत थाने में की है! पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि प्रार्थी प्रकाशचंद अग्रवाल पिता सीताराम



अग्रवाल उम्र 64 वर्ष निवासी बेलगांव 15 अक्टूबर को स्टेट बैंक से दीपावली खर्च के लिए 02 लाख निकालकर अपनी स्कूटी से पैसों को थैला में रखकर अपने चाचा के घर जा रहा था कि इस बीच दो मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात युवक श्री अग्रवाल को पीछे से आवाज दिया कि काका आपका पैसा गिर गया है! जिसको देखने के लिए श्री अग्रवाल अपनी स्कूटी को रोककर पीछे मुड़कर पैसा देखने लगा कि इतने में ही अज्ञात युवकों ने स्कुटी में पैसों से भरा थैला लेकर मोटर साइकिल से रफूचक्कर हो गए! यह घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की बताई गई है! श्री अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस के द्वारा अज्ञात आरिपियों के विरुद्ध 540/24 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है! पुलिस के द्वारा घटनास्थल के साथ साथ अन्य स्थानों के भी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है! माना जा रहा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा! दिनदहाड़े घटी इस घटना से सनसनी फैल गई है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है!

### डोंगरगढ़ स्टेशन को रायपुर डिवीजन में शामिल करने की माँग

डोंगरगढ़ ,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। रेलवे की प्रमुख माँगो को लेकर डीआरयुसी के मेंबर तरुण हत्थेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह अश्विनी वैष्णव केंद्रीय रेलमंत्री,विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, सांसद संतोष पांडे मेनेजर रेल प्रशासन बिलासपुर, डी0 आर0 एम0 द0पू0 म0 रेल्वे नागपुर के नाम मुख्य स्टेशन प्रबंधक गुरुचरण शेट्टी को ज्ञापन सौंपा है! श्री हत्थेल ने बताया कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ में साल के चैत्र व क्वाँर नवरात्र पर्व के दौरान लाखों दर्शनार्थी माता के चरणों का आशीर्वाद प्राप्त करने आते है और वहीं चंद्रगिरी पहाड़ी में आचार्य विधासागर जी का समाधि स्थल होने से देश विदेश से अनुयायी डोंगरगढ़ पहुँचते है जिनकी सुविधा का ख्याल रखते हुए स्टेशन परिसर में रिटर्निंग हाल होना आवश्यक है वहीं जबलपुर से गोंदिया तक आने वाली ट्रेन को डोंगरगढ़ तक विस्तार कर ट्रेन का नामकरण आचार्य विघासागर के नाम पर किया जाना चाहिए! वहीं वरिष्ठ नागरिको को रेल्वे में मिलने वाली छुट हो गई योजना को विचार कर पुनः प्रारंभ कर योजना का नाम माता हीराबेन किया जाए और डोंगरगढ़ स्टेशन को नागपुर डिवीजन से रायपुर डिवीजन में शामिल किया जाए!

### मामूली विवाद पर लड़की से मारपीट

डोंगरगढ़ ,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर के कंडरापारा में मामूली विवाद पर पड़ोसी आपस में भिड़ पड़े! बताया जाता है कि पेयजल हेतु लगाए नलकूप में गंदा मलबा जाने के कारण विवाद उतपन्न हुआ! पुलिस से मिले समाचार में बताया गया कि प्रार्थी प्रिया चक्रवर्ती ने थाना पहुँच रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हमारे घर के बोर में पड़ोसी के द्वारा कार्य के दौरान गंदा मलबा जाने की बात कहने पर पड़ोसी पन्ना मौर्य ने गंदी गंदी गाली देकर लड़ाई झगड़ा कर मारपीट किया गया है जिससे हाथ में चोट आई है! जिस पर पुलिस ने पन्ना मौर्य निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़ के विरुध्द धारा 115(2) BNS, 296-BNS, 333-BNS, 351(2) BNS के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है!

### शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त

राजनांदगांव ,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जनभागीदारी समिति नियमावली सूची अनुसार जिले के शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति में जिले में पदस्थ अधिकारियों को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिसके अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में तहसीलदार डोंगरगांव, शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका में तहसीलदार घुमका, शासकीय डॉ. बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव श्री श्री श्रीकांत कोर्राम, शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में तहसीलदार लालबहादुर नगर, शासकीय महाविद्यालय रामाटोला डोंगरगढ़ में तहसीलदार लालबहादुर नगर शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में तहसीलदार छुरिया को जन भागीदारी समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**बिलासपुर।** जैसे-जैसे दिवाली का त्योहार नजदीक आ रहा है, शहर में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली विभाग ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। उपभोक्ताओं को त्योहार के दौरान बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग ने मेंटेनेंस कार्य का शुभारंभ कर दिया है।

# छत्तीसगढ़ सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध:साय

रायपुर,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा में छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज पारंपरिक वेशभूषा एवं परिधानों के साथ विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट से किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने अपने वर्चुअल शुभकामना संदेश में कहा कि वनों के संरक्षण में वनकर्मियों की अहम भूमिका होती है। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में वनबल के कर्मचारी हिस्सा लेते है। इसके लिए वन कर्मियों का शारीरिक रूप से चुस्त-दुरूस्त रहना जरूरी है। वनकर्मियों के लिए खेल का विशेष महत्व है, खेल से एकाग्रता, साहस और टीम भावना से कार्य करने में मदद मिलती है। मैं उम्मीद करता हूं इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने माता कौशल्या की धरती में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन के लिए वन विभाग की मेहनत काबिले तारीफ है। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत वर्ष 1992 में हुई थी। धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई। इस खेल में कश्मीर से कन्याकुमारी ही नहीं अपितु केंद्र शासित प्रदेश के खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। हमारा भारत देश विविधताओं का देश है, राजधानी रायपुर का यह स्टेडियम लघु भारत के रूप में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश मे खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए अनेक कदम उठाये हैं। छत्तीसगढ़ की सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। वनरक्षक से लेकर विभाग के अधिकारी भी शामिल हो रहे खिलाड़ी का वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए अहम भूमिका होगी। बिहार के वन मंत्री डॉ. प्रेमकुमार ने कहा कि वनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं जागरूकता लाने के लिए हमे आगे आना होगा। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत आंध्रप्रदेश के हैदराबाद से हुई थी। इस बार यह आयोजन प्राकृतिक खनिज संपदा से भरपूर छत्तीसगढ़ में हो रहा है। डॉ. कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकानाएं दी। छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि वर्ष 2023 में हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। छत्तीसगढ़ की सरकार खेल प्रातिभाओं का बढ़ाने के साथ-साथ उनका सम्मान भी कर रही है। छत्तीसगढ़ में 44 प्रतिशत वन है, जो पूरे भारत में तीसरा स्थान रखता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला यह आयोजन वनों के संरक्षण पर आधारित है। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ में तीसरी बार हो रहा है। उन्होंने स्टेडियम में उपस्थित खिलाड़ियों के साथ-साथ उपस्थित जनसमुदाय को पेड़ और वन्यप्राणी के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। आने वाली पीढ़ी को जागरूक करने का कार्य न केवल सरकार का है अपितु सभी की नैतिक जवाबदारी है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के भारतीय कप्तान श्री सूर्य कुमार यादव ने जय जोहर के उद्बोधन से अपनी बात रखी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों ओर हरियाली है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के कैरियर में अनुशासन महत्वपूर्ण है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए वनों को हराभरा रखने और खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की सराहना करते हुए इस आयोजन के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की मेजबानी में चार साल बाद 27वीं ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में 26 खेल की 300 विधाओं में प्रतियोगिताएं होगी। यह प्रतियोगिता 16 से 20 अक्टूबर तक राजधानी के 16 अलग-अलग खेले मैदानों में होगा। इसमें देशभर से 2920 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमें 2331 पुरुष और 585 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मेजबान छत्तीसगढ़ के 268 खिलाड़ी 12वीं बार ओवरऑल चैम्पियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे। हमारी टीम अब तक 11 बार ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब जीत चुकी है। प्रतियोगिता प्रारंभ के पूर्व विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों द्वारा किए गए मार्च पास्ट में छत्तीसगढ़ प्रथम, हिमाचल प्रदेश द्वितीय और तृतीय स्थान पर तमिलनाडु तथा असम और गुजरात के दल को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री रामप्रसाद, विधायकगण श्री राजेश मूणत, श्री मोतीलाल साहू, पद्मश्री श्री अनुज शर्मा, सचिव (वन) भारत सरकार की श्रीमती लीना नंदन, वन महानिदेशक भारत सरकार श्री जितेन्द्र कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) श्रीमती ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, मुख्य वन संरक्षक एवं प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी श्रीमती शालिनी रैना सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और आम लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, 24 को सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में देंगे धरना

मोहला ,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्स मोर्चा जिला मोहला मानपुर अ.चौकी ने कलेक्टर कार्यालय मोहला एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला में फत्तेराम कोसरिया को मुख्यमंत्री ,शिक्षा सचिव छतीसगढ़ शासन व विभागीय अधिकारियो के नाम ज्ञापन सौंपा,सौपे गए ज्ञापन में मोदी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी सवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जावे,समतुल्य वेतनमान (पुररिक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे,प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना करते हुए समस्त शिक्षक एल बी सवर्ग को पुरानी पेशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितम्बर 2008 जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे,माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28-02-24 के तहत सभी पात्र एल बी सवर्गो के शिक्षको को क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे,शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशी का समायोजन जीपीएफ/सीजीएफ खाता में किया जाये,उपरोक्त मांग प्रमुखता से रखी गई,इस दौरान मोर्चा के जिला संचालक श्रीहरी,शिवेंद्र यादव,जितेंद्र पटेल, प्रांतीय/जिला/ ब्लॉक पदाधिकारी बाबूलाल लाडे,मनोज देशमुख,राममणि द्विवेदी,रूपेंद्र नन्दे, ललिता कन्नौजे,हिमेश्वरी देवांगन, वीरेंद्रपाल लाडेश्वर,देवशंकर तारम,सुनील कुमार शर्मा,शेखर ठाकुर,लोकेश कुमार ठाकुर,रश्मी श्रीवास्तव,मनोज यदु,शिव कुमार साहू,दिनेश सिंह,पीला लाल देशमुख,नरेंद्र सिंह,खिलेंद्र साहू,राकेश देशमुख,नूतन साहु,राकेश देवांगन,मलेश मालेकर,आशीष वर्मा,आरती मेश्राम,भागवत पडोटि,राजेंद्र ठाकुर,पवन ठाकुर,संजीव सावलकर,चुरामन दास मार्गे ,सहित अनेक लोग उपस्थित थे,अगले चरण में 24 अक्टूबर को जिले भर के शिक्षक एल बी सवर्ग जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर जंगी रैली निकालकर अपनी मांगो को पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष पहुचायेंगे

## आयुक्त ने ली निगम टी.एल. की बैठक और कार्यों की समीक्षा की

राजनांदगांव ,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने आज निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों की टाईम लिमिट (समय सीमा) की बैठक लेकर पूर्व बैठक मे दिये गये निर्देश एवं कार्यो की समीक्षा कर कलेक्टर टी.एल. जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शासन की योजना के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर मूलभूत सुविधा के कार्यो का समय सीमा में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। साथ ही जनता से जुडे कार्यो का त्वरित निराकरण करने निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्माण कार्यो के संबंध में कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्डो में चल रहे योजना या अन्य काम की प्रतिदिन मानिटरिंग करे एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण कराये। कार्यादेश जारी कार्य तत्काल प्रांरभ कराये, भूमिपूजन उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं करने तथा अधूरे कार्य पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे। पेचवर्क एवं रोड नाली के कार्य तत्काल प्रारंभ कराये, चल रहे कार्यो में गति लाये। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि बीएलसी के अप्रारंभ आवास दो दिन में प्रारंभ करावे, लेंटर लेबल के कार्य जल्द पूर्ण करावे। एएचपी के तहत निर्माणाधीन आवासों के कार्य में तेजी लावे, कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करे, आवास आबंटन की प्रक्रिया करे। अमृत मिशन के कार्य के संबंध में आयुक्त ने कहा कि इंटर कनेक्शन, पाईप लाईन विस्तार, के कार्य



जल्द पूर्ण करे। नल कनेक्शन के शेष कार्य पार्षदों से सम्पर्क कर पूर्ण करे। इसके अलावा पेयजल संबंधी समस्त कार्य दुरूस्त रखे, कम पानी आने तथा पानी नहीं आने संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करे। सभी वार्डो में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे। भवन अनुज्ञा संबंधी कार्य समय पर करे, अवैध प्लाटिंग को चिन्हांकित कर नियमानुसार कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व की समीक्षा में कम वसूली में नराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि संबंधित वार्ड में घर घर जाकर वसूली करना सूनिश्चित करे।

## क्षेत्र के तमाम देवी-देवताओं के प्रति आस्था पैदा करने दलेश्वर साहू मुहिम चला रहे

डोंगरगांव ,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्राचीन और पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं को जन जन तक पहुंचाने, लोगों में ग्रामीण क्षेत्र में नाना प्रकार के विराजित देवी देवताओं के प्रति आस्था और श्रद्धा जगाने की दृष्टि से अंचल में माता देवालय दर्शन यात्रा का आयोजन विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसकी शुरूआत ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव से 17 अक्टूबर से होगी। यह यात्रा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पहुंचेगी और इस दौरान गांव गांव में यात्रा का पड़ाव होगा। लोक मंड़ई के सृजेता, लोक कलाकार तथा क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू द्वारा तैयार किये गये कांसेप्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में पहली बार अपने तरह के इस अनूठे दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को ग्राम्य क्षेत्र में सरहद से लेकर गांव के विभिन्न स्थानों में विराजित देवी देवताओं की जानकारी से रूबरू कराया जायेगा। एक प्रेस वार्ता में माता देवालय दर्शन यात्रा के संयोजक तथा संरक्षक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य नई युवा पीढ़ी को हमारे माता देवालय व ग्रामीण देवी देवताओं से संबंधित मान्यताओं और वैज्ञानिक कारणों से अवगत कराना है।

उन्होनें बताया कि हम देखते है कि गांव में विभिन्न स्थानों पर नाना प्रकार की मूर्तियां व पत्थर लगे रहते हैं, जिन्हें देवी देवता मानकर हम नमन और वंदन करते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, लेकिन आज की पीढ़ी को यह नहीं मालूम होता है कि वे कौन से देवी




देवता हैं। गांव के बुजुर्ग या सियान लोगों से इस संबंध में जानकारी लेने पर कई इस संबंध में बताने में असमर्थ होते हैं। जबकि, सभी देवी देवताओं का अपना अलग महत्व होता है। उन्होनें बताया कि शहरी या नगरीय क्षेत्रों को छोड़ दिया जाये तो ग्रामीण क्षेत्रों में इन देवी देवताओं की भरपूर मान्यता है और महिने में दो तीन दिन इस प्रकार के त्यौहार मनाये जाते हैं, जिसमें ग्रामीणों को अन्यत्र आना जाना वर्जित किये जाने के अलावा दैनिक चर्या पर भी रोक और पाबंदी रहती है। इसका पालन नहीं करने वालों से गांव के प्रमुख लोग दण्ड भी वसूल करते हैं। यह कई सालों से चला आ रहा है, लेकिन इसका वैज्ञानिक कारण न तो किसी को मालूम है और न ही किसी ने इसे जानने का प्रयास किया। इन्हीं सब बातों को लेकर उनके मन में इस तरह की यात्रा निकालने का विचार आया और वे पिछले एक साल से इस यात्रा के आयोजन पर काम कर रहे हैं। विधायक श्री साहू ने बताया कि यात्रा के माध्यम से अंचल के जीर्ण शीर्ण देवालयों के जीर्णोद्धार की एक अलग प्रकार की मुहिम वह शुरू करने वाले हैं। शासन स्तर पर ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से मंदिरों व देवालयों का पुनर्निर्माण व उद्धार किया जा सकता है। उन्होनें यह भी बताया कि माता देवालय दर्शन यात्रा के संबंध में वरिष्ठ साहित्यकारों के सहयोग से एक पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिसमें अंचल में विराजित विभिन्न देवी देवताओं की सचित्र जानकारी होगी।

**यात्रा के साथ चलेगी माता देवाला सहित अन्य की झांकी**-दर्शन यात्रा के साथ माता देवाला सहित अन्य देवी देवताओं की चलित झांकिया चलेंगी। मुख्य वाहन में माता शीतला की प्रतिमा के साथ बैरग आदि रहेंगे। जबकि दूसरे वाहन में साहड़ा देव, बघारन पाठ, भैंसासुर, कंकालिन माता सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिकृति रहेगी। यात्रा के साथ भजन व गीत संगीत की टोली भी निरंतर चलायमान रहेगी। जानकारी के अनुसार यात्रा के साथ प्रसिद्ध कुंवारी माता तथा सोनेसरार की डामेश्वरी माता भी एक रथ पर सवार रहेंगी। वहीं प्रसिद्ध भजन सम्राट पं. विवेक शर्मा यात्रा के विभिन्न पड़ावों में सुमधुर भजन प्रस्तुत करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान किसान नेता गुलाव वर्मा तथा विधायक प्रतिनिधि रवि शुक्ला उपस्थित थे।

## रेडक्रास की साधारण सभा में किया गया प्रबंध समिति का गठन

राजनांदगांव 17 अक्टूबर । कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेडक्रास की साधारण सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने बताया कि रेडक्रास की नियमावली के अनुसार प्रबंध समिति बैठक की प्रक्रिया में अध्यक्ष एवं सचिव का पद स्थायी रहता है। प्रबंध समिति के गठन के बाद चेयरमेन का चयन समिति सदस्य द्वारा करने के बाद उपाध्यक्ष, सहसचिव का चयन किया जाएगा। बैठक में श्री दामोदर दास मूंदड़ा को जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस तरह श्री अशोक चौधरी व श्री हलीम बक्श गाज़ी को उपाध्यक्ष एवं श्री सुशील जैन को को सह सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को कलेक्टर एवं बैठक में उपस्थित सभी ने बधाई दी। प्रबंध समिति में राज्य प्रबंध समिति के लिए पद्मश्री पुखराज बाफना ने नाम प्रस्तावित किया। प्रबंध समिति गठन पश्चात सचिव सह सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रतिवेदन पढ़ा। उन्होंने बताया कि रेडक्रास में चार संरक्षक सदस्य, 1650 आजीवन सदस्य है। साथ ही रेडक्रास की गतिविधियों के तहत पोषण किट, निक्षय मित्र किट, मरीज कोआर्थिक सहायता, नवरात्रि व्यवस्था एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, जन औषधि केन्द्र संचालन की जानकारी दी। आय व व्यय समिति के समक्ष रखा, जिसे अनुमोदित किया गया। बैठक में रेडक्रास सोसायटी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में रैन बसेरे संचालन हेतु नगर निगम द्वारा 25000 रूपए व्यय दिया जायेगा। जिसे संचालित करने की स्वीकृति, डोंगरगांव में वृद्धाश्रम को डोंगरगांव में समिति गठन कर संचालित करने की स्वीकृति दी गई। रक्तदान महादान के तहत जिला अस्पताल में रक्तदाता को रेडक्रास द्वारा प्रमाण पत्र एवं रिफ्रेसमेंट दिया जाने का अनुमोदित किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में वृहद स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार कार्यक्रम चलाकर गांव-गांव में वेलिंटियर तैयार कर प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए जिले से दो डॉक्टर राज्य शाखा से प्रशिक्षित होकर आए है, जिनके माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जूनियर रेडक्रास, यूथ रेडक्रास के विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

## बढ़ते जल संकट को देखते हुए किसान धान की जगह कम पानी में होने वाली फसल लें:कलेक्टर

राजनांदगांव ,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल संकट की स्थिति को देखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए पानी को बचाना आवश्यक है। बैठक में लगातार बढ़ते हुए जल संकट को देखते हुए रबी मौसम में कम पानी उपयोग वाली फसल लेने का निर्णय लिया गया। जिससे पेयजल संकट और आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाया जा सके। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन अपनाते हुए किसानों को धान के बदले कम पानी उपयोग वाली फसलों की खेती करनी चाहिए। इससे किसानों की भूमि की उर्वरता क्षमता के साथ आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पिछले रबी मौसम में धान की फसल के लिए 42 हजार सिंचाई पंप के उपयोग से सबसे ज्यादा पानी का दोहन हुआ है। जिसके कारण भू-जल स्तर नीचे चला गया था और पेयजल संकट की स्थिति बन गई थी। उन्होंने किसानों से रबी में धान के स्थान पर कम पानी उपयोग वाली अन्य फसल लेने कहा। इसके लिए किसानों को प्रेरित करने कहा और गांव-गांव में मुनादी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को समूह में खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी बैराज, एनीकट, जलाशयों एवं अन्य अधोसंरचना का सर्वे कराकर मरम्मत योग्य कार्यों को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिस कार्य के लिए राशि आबंटित है, उस कार्य को कराने के बाद समय पर मजदूरी भुगतान अवश्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि सभी गांवों में कृषि सखी है। उन्होंने कृषि सखी के माध्यम से किसानों को धान फसल के स्थान पर कम पानी उपयोग वाली अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने एवं जागरूकता लाने कहा। सांसद प्रतिनिधि श्री बिसेशर साहू ने भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि रबी मौसम में धान की फसल लगाने में अधिक लागत लगती है और मुनाफा कम होता है। उन्होंने कहा कि जो किसान रबी में धान की खेती करता है, उससे उसका फायदा नहीं होगा।

## सिहावा विधायक ने मगरलोड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

मगरलोड ,17 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मगरलोड ब्लॉक में विधायक अंबिका मरकाम के द्वारा निरंतर विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन व निर्माण कार्यों का लोकर्पण क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत में किया जा रहा है मगरलोड क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के दौरान विधायक अंबिका मरकाम ग्राम पंचायत ग्राम मोहदी में सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत जामली में सांस्कृतिक भवन, एवं ग्राम पंचायत भरदा में शेड, निर्माण कार्यो का लोकर्पण किया साथ उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि निश्चित तौर पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्रफल का विधानसभा है जहां आज भी बहुत सारे विकास कार्य किए जाने की आवश्यकता है मैं निरंतर सभी ब्लॉकों में दौरा कर ग्रामीण जनों से भेंट मुलाकात कर क्षेत्र में कई विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन व लोकर्पण कर्यो के माध्यम से क्षेत्र को विकासशील करने का प्रयास निरंतर मैं जब तक विधायक के पद पर हूं क्षेत्र में विकास कार्य यूं ही चलते रहेंगे इस कार्यक्रम में जो आपने मुझे स्थान दिया इसके लिए आप सभी मगरलोड क्षेत्र के ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करती हूं इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ज्योति ठाकुर, अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, विशहत राम साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, डिहू राम साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमिटि मागरलोड, राजेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मरलोड, चंदन




बफना, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, डाकवर साहू महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमिटि मगरलोड, हेमन्त देवांगन, सचिव जिला कांग्रेस कमिटि धमतरी, गिरीस देवांगन, सभापती, जनपद पंचायत मगरलोड रंभा नेताम जनपद सदस्य मगरलोड ,अश्वनी दानी पाल जनपद सदस्य मगरलोड, गिरी गोपाल साहू, खिलेश्वरी साहू , प्रेमा साहू, हेमलता ध्रुव एवं ग्रामीण जन व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एक नजर

## कलेक्टर देवेश कुमार ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**सुकमा, 17 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को जिला मुख्यालय और विकासखण्ड छिंदगढ़ के आसपास के क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र मुरतोण्डा, ग्राम चितलनार, ग्राम पुसपाल और ग्राम रानीबाल का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने शबरी दुग्ध डेयरी, इमली प्रोसेसिंग यूनिट और नर्सरी का निरीक्षण करते हुए इमली प्रोसेसिंग यूनिट को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

पौधों की उपलब्धता और चिल्ड्रन पार्क का होगा विकास -कलेक्टर ने शासकीय उद्यान रोपणी पावारास सुकमा में व्यवसायिक रूप से नए पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि स्थानीय कृषि तथा उद्यानिकी विकास को बढ़ावा मिले, इससे स्थानीय किसानों को भी लाभ होगा, जो नई किस्मों के पौधों के रोपण के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही, कलेक्टर ने शासकीय उद्यान रोपणी पावारास, सुकमा में नदी किनारे स्थित गार्डन को लगभग एक एकड़ भूमि में साफ-सफाई कर चिल्ड्रन पार्क के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। इससे बच्चों के लिए एक सुरक्षित और आनंददायक खेलने की जगह तैयार होगी, जो उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होगी।

किसानों को प्रोत्साहित करने पर ज़ोर - कलेक्टर ने जिले में बेहतर कृषि के लिए किसानों का चिन्हांकन कर प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया। कृषि विज्ञान केंद्र मुरतोण्डा में, उन्होंने वैज्ञानिक रूप से उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए - चिकित्सा सेवाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए, कलेक्टर ने चितलनार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जांच शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीणों को साफ-सफाई और मच्छरदानी के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही, कलेक्टर ने हॉट बाजार, स्कूलों, अस्पतालों और बस्तर ओलंपिक में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## एआईएसएफ ने छात्रावास, आश्रम की समस्याएं बताई



**सुकमा, 17 अक्टूबर ।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन ने कोन्टा ब्लॉक के अन्दरूनी इलाके के छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिन की मूलभूत समस्याओ को कलेक्टर को अवगत कराया, जगरगुंडा, चिन्तलनार, किस्टाराम, गोलापल्ली, गंगलेर, मरईगुड़ा आदि आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनो मे व्याप्त अव्यवस्थाओ सहित अन्य शिकायत को लेकर अवगत कराया गया,2-3/10/2024 को एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम, जिलाध्यक्ष जितेश सोड़ी, कलमू मुका, अरविंद कुंजाम, गंगा करटम, सरेश,पुनेम जोगा, करटम जोगा का आठ सदस्यीय टीम दो दिवासीय दौरा मे छात्रावासीय छात्र छात्राओ को समस्या सामने आया था।

## सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्राम महला में पहली बार लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**कांकेर, 17 अक्टूबर ।** आमजनता तक शासन-प्रशासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ ले सकें। इसी क्रम में कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर जिले के सुदूरवर्ती कोयलीबेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत परतापुर के आश्रित ग्राम महला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों की ओर से विभिन्न मांगों और समस्याओं के समाधान हेतु कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 147 का निराकरण शिविर स्थल में ही किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण अब विकास की मूल धारा से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और आने वाले दिनों में वे अपने अधिकार से वंचित नहीं रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्राम महला, परतापुर इलाके के विकास हेतु जो भी संभव है, जिला प्रशासन पूरी इच्छाशक्ति के साथ पूरा करेगा। इस दौरान उन्होंने ग्राम महला में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। साथ ही दीपावली पर्व से पहले प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने यह भी बताया कि परतापुर क्लस्टर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 200 से अधिक स्वीकृत प्रकरण हेतु पहली किश्त की राशि जारी कर दी गई है।

## जनधन समृद्धि कार्यशाला में बैंक मित्रों एवं बैंक सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर 17 अक्टूबर ।** जिला पंचायत बस्तर जगदलपुर के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा जन धन प्लस-समृद्धि का दरवाजा अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ग्रामीण विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारियों सहित वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिग से श्री मयूर लोखांडे द्वारा कार्यशाला में उपस्थित बैंक मित्र एवं बैंक सखियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बैंक मित्र एवं बैंक सखियों को बैंक के विभिन्न उत्पाद, बचत खातों के ब्याज दर, सहित पीएम जनधन खाते, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अलावा शासन की विभिन्न डीबीटी योजनांतर्गत भुगतान को बढ़ावा देने तथा स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहायता मार्गदर्शन इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण राजकुमार, सीएससी जिला प्रमुख श्री प्रदीप क्षत्रिय, पीएमएसबीवाय क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से श्री नवीन साहू तथा बस्तर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के बैंक मित्र एवं बैंक सखी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने विभिन्न गांवों का निरीक्षण कर कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 17 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने विगत दिवस को विकासखण्ड सुकमा अंतर्गत ग्राम गोंगलाए झापराए मुरतोण्डा और नीलावरम का निरीक्षण किया और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पीडीएस दुकान संचालनए जल जीवन मिशनए आंगनवाड़ी भवन और नीलावरम हाइड्रो पावर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

### राशन आबंटन की कमी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने ग्राम गोंगला में पीडीएस दुकान में राशन सामाग्री के आबंटन में कमी पाईए जिसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं दोहराने हेतु सख्त निर्देश दिए। इसके साथ हीए उन्होंने नए राशन कार्ड के शत.प्रतिशत वितरण और फोर्टिफाइड चावल के उपयोग के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने पीडीएस दुकानों में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजना के तहत गोंगला में योजना के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

### पीडीएस दुकान और जल वितरण की समस्याएं हल करने के निर्देश

कलेक्टर ने ग्राम झापरा में पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। इसके अलावाए जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी से जल वितरण न होने की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे जल्द सुधारने के निर्देश दिए।


### पीडीएस पारदर्शिता पर जोर, सखी योजना विस्तार के निर्देश, चिचोरवाया में आंगनवाड़ी भवन निर्माण पूर्ण

कलेक्टर श्री ध्रुव ने ग्राम मुरतोण्डा में पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न सामग्रीए कार्ड संख्या और राशन आबंटन की जानकारी को बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ;बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंटद्ध सखी योजना का विस्तार करने के भी निर्देश दिए। ग्राम चिचोरवाया में नए आंगनवाड़ी भवन के निर्माण कार्य की पूर्णता पर संतोष व्यक्त किया और इसे शीघ्र ही महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपने के निर्देश दिए।

### हाइड्रो पावर पंपिंग सिस्टम की समीक्षा

कलेक्टर ने नीलावरम हाइड्रो पावर बेस्ट पंपिंग सिस्टम के कार्य की समीक्षा की और डीपीआर ;डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्टद्ध शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावाए उन्होंने एरिगेशन और कृषि विभाग को संयुक्त रूप से कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के लिए 10 स्थलों पर एनीकट निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

# बजबजाती खुली नालियां स्वच्छता ही सेवा अभियान की खोल रही पोल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 17 अक्टूबर।** छ0ग0सरकार के निर्देशानुसार सितंबर माह में प्रदेश के सभी जिलों में स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के तहत नगर, शहर, गांव, गली मोहल्लों, वार्डो में सफाई अभियान चलाई गई। इसी क्रम में दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में भी पालिका की पूरी टीम अलग अलग दिनों में साफ सफाई के कामों में दिखाई पड़े थे। अब ये सफाई वास्तविक सेवा था या फिर केवल झाड़ू पकड़कर ग्रूपिंग फोटो शेसन अभियान यह तो हम जनता पर छोड़ देते हैं मगर इस सफाई अभियान कितनी ईमानदारी से की गई है इसकी कुछ झलकियां हम अवश्य दिखाना और बताना चाहते हैं ताकि जनता भी ये देखे और समझे कि उनके साथ सफाई के नाम पर कैसे धोखा किया जा रहा है? वार्ड की जनता यह तय करे कि आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उन्हें कैसे प्रतिनिधियों को चुनना है।नगर को स्वच्छ बनाने तथा नागरिकों में स्वच्छता की आदत को स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बीते माह 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया। इस दौरान पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन के अधीन कर्मचारियों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। अलग अलग दिनों में वार्डो मोहल्लों की, तालाबों की नदी घाटों की, सार्वजनिक स्थलों की सफाई की की गई। इस सफाई अभियान के दौरान पालिका का पूरा लाव लश्कर ड्रेस कोड के साथ सफाई में जुटा रहा। अब सफाई कितनी हुई नगर मोहल्ले कितने साफ हुए और मोबाईलों में सफाई करते हुए हाथों में झाड़ू लेकर फोटो कितनी खिंचवाई गई यह तो ईश्वर ही जाने मगर यह सच्चाई है कि आज भी नगर के मुख्य सडकों, वार्डो के गली मोहल्लों की नालियों में गंदगी अटी पड़ी है। कई वार्डो में तो नालियों में पानी सालों से जमा पड़ा है। नालियों में पड़े पड़े सड़ चुका पानी दुर्गंध मार रहा है। आसपास के रहवासियों का वहां रहना दुभर हो गया है। वार्ड क्रमांक 13 में अंबेडकर पार्क के सामने से लेकर बैंक चौक तक खुले नालों में किस कदर बजबजाती गंदगी पड़ी हुई है पालिका के अधिकारी को जाकर मौका मुआएना करना चाहिए। सफाई अभियान में इस नाली की सफाई क्यों नहीं हुई? क्या ये नगर की सीमा में नहीं आता? इसकी सफाई की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? किस मतलब का यह स्वच्छता अभियान? आपको जहां शूट किया वहां सफाई कर फोटो शेसन करवा लिया जहां शूट नहीं किया वहां झांकने नहीं गए। यह कैसा सफाई अभियान। मुख्य सड़क के किनारे बने इस बड़े नाले में बिखरी पड़ी गंदगी व सडांध भरी नालियों का यह दृश्य स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा की हवा निकालने के लिए काफी है। आलम यह कि वर्षो बाद भी नालों में ढक्कन तक नहीं डाला गया है। मोहल्ले वालों का कहना है कि बोल बोलकर थक गए मगर पालिका के सीएमओ व सफाई कर्मचारियों के कानों में जूं नहीं रेंगता।

## मुख्यमंत्री ने पुरखती कागजात पुस्तक के अंग्रेजी संस्करण का किया विमोचन

**जगदलपुर 17 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुरखती कागजात पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण का विमोचन मुरिया दरबार कार्यक्रम में किए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के माध्यम से आदिवासी परम्परा, रीति-रिवाज, सांस्कृतिक विविधता एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित तथा संवर्धित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर संभाग अन्तर्गत देवी देवताओं की शक्तिशाली वाचिक परम्परा, इतिहास एवं उत्पति के बारे में गांव-गांव से गुनिया-बैगा, सिरहा, माटी पुजारी-पेरमा, मांझी, गांयता, पटेल से विस्तृत चर्चा करते हुये जानकारी संकलित कर आनेवाली पीढियों को अपने देवी-देवताओं की सेवा परम्परा से अवगत कराने के लिए 'पुरखती कागजात' नामक पुस्तक तैयार किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पुस्तक के प्रकाशन पर प्राधिकरण को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, सांसद कांकेर श्री भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक श्री किरण देव, चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल ने भी पुस्तक की सराहना की।

# नवनिर्मित पाथ-वे व नालों पर फिर से होने लगे कब्जे,पालिका मौन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 अक्टूबर।** नगर पालिका ने हाल ही में लाखों रूपए खर्च कर नगर के मुख्य सड़क किनारे नालों व पाथ वे का निर्माण करवाया है। निर्माण कार्य अभी भी जारी है। नालों का जहां निर्माण हो गया है वहां फिर से कुछ लोग ठेले खोमचे लगाने के नाम पर अतिक्रमण कर लिए हैं ।

नव निर्मित पाथवे की बात करें तो निर्माण अभी हाल ही में हुआ है। यहां भी अतिक्रमण से लोग बाज नहीं आ रहे। नए बने पाथ वे पर कई व्यापारी अपना सामान रखकर रास्ता जाम कर रखे हैं तो कुछ व्यापारी अपने दुकानों का नेम बोर्ड रखकर तो कोई स्टॉल लगाकर पाथ वे की घेराबंदी करने में लगा है। बाहर से आए एक व्यापारी ने तो बिना पालिका से परमिशन लिए ही पाथवे को घेरकर अस्थायी स्टॉल लगाकर मजे से कपडे बेच रहा है। जबकि पाथवे का निर्माण प्रशासन ने लोगों को पैदल चलने के लिए बनाया है। पाथवे मार्ग पूरी तरह से लोगों को चलने के लिए खुला होना चाहिए। मुख्य सडक की नालियों की बात करें तो नालियों पर भी अतिक्रमण, सड़कों पर वाहन खड़े कर सड़कों में अतिक्रमण तथा पाथ वे पर सामान बिखेरकर पाथ वे का अतिक्रमण अस्त व्यस्त मार्केट, यही पहचान है दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र की। साल में केवल तीज त्यौहारों के वक्त पालिका कुंभकर्णी नींद से जागती है। दुकानदारों को औपचारिकता वाली नोटिस भेजा जाता है। मगर न तो नालियों से अतिक्रमण हटता है न ही पालिका कोई ठोस कारवाई ही करती है। ढाक के तीन पात वाली कहावत की तर्ज पर मामला टांय टांस फिस्स हो जाता है और फिर वहीं भेडिया धसान चाल शुरू हो जाता है। यही है नगर पालिका की असल कहानी। पालिका के पास बहुत से अधिकार हैं मगर वो इसका इस्तेमाल नहीं करती या फिर कहें तो नगर पालिका के अधिकारी में वो गट्स नहीं जो नियम के तहत कारवाई कर सके। नतीजतन परेशानी तो आम लोगों को उठानी पड़ती है।

# कृष्णा कुमार और यस कुमार का अंडर-19 में हुआ चयन



नारायणपुर, 17 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-नाइंटीन वन-डे इंटर डिस्ट्रिक सलेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया था जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के नाम विख्यात ज़िला नारायणपुर को आज उनकी अंडर-नाइंटीन क्रिकेट टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना मिल रही है 10 अक्टूबर को नारायणपुर का सेमीफ़ाइनल मुक़ाबला सरगुजा से साथ भिलाई स्थित बी?एस?पी? के सेक्टर 1 ग्राउंड में खेला गया जिसमे नारायणपुर की टीम को हार का सामना करना पड़ा पर 2 खिलाड़ियो ने सी?एस?सी?एस के चयनकर्ताओं को अपने खेल से काफ़ी प्रभावित किया चयनकर्ताओं ने यस और कृष्णा का चयन प्लेटकंबाइंड टीम के लिए किया दोनों खिलाड़ियो को 17 तारीक अक्टूबर से एलिट ग्रुप के मुक़ाबलो के लिये भिलाई में होना है जिसके लिये दोनों खिलाड़ी रवाना हो चुके है यस वर्धा की पिछ्ली उपलब्धि व नेतृत्व करने की क्षमता को देखते हुए यस को प्लेटकम्बिन टीम का कप्तान बनाया गया है आज अबूझमाड़ के नाम से पहचाने जाने वाला ज़िला पूरे छत्तीसगढ़ के अण्डर 19 के खिलाड़ियो का उच्चतम प्रदर्शन करवाने का प्रयास अपने कप्तानी से करेगा यह एक प्रतीक मात्र है जिससे ये अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि अबुझमाड़ में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है फुटबॉल,मलखम्ब, ताइक्कांडो ,खो -खो और अब क्रिकेट में भी कुछ इस तरीक़े का प्रदर्शन देख कर ज़िले में अपार प्रतिभाओं का प्रमाण मिलता है इस तरीक़े का प्रदर्शन से ज़िले के अन्य अनेक नये खेल के खिलाड़ियो को भी प्रेरणा मिलती है की वे भी खेल के क्षेत्र में अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सके व खेल में ही अपना भविष्य बना सकते है इस चयन से नारायणपुर के भूतपूर्व खिलाड़ी व क्रिकेट संघ के पदाधिकारी में भी उत्साह का माहौल है सभी में बच्चों से मिल कर उनका मुँह मीठा कर उनका आने वाले टूर्नामेट के लिये शुभकामनाये व बधाई दी

## जिले के चितलनार में स्थिति नियंत्रण में,स्वास्थ्य शिविर लगाकर किया जा रहा ग्रामीणों का उपचार



**सुकमा, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक अंतर्गत चितलनार में मौसमी बीमारी की स्थिति अब नियंत्रण में है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है। इस दिशा में कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों के समन्वय से ग्रामीणों के उपचार सहित अन्य आवश्यक पहल सुनिश्चित किया जा रहा है। अनुविभागीय दंडाधिकारी के साथ ही राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,महिला एवं बाल विकास विभाग इत्यादि विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहकर आवश्यक सहभागिता के साथ ही कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुकमा डॉ. कपिल कश्यप ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चितलनार में विगत एक सप्ताह के भीतर 06 लोगों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर बुधवार 16 अक्टूबर 2024 को जिला चिकित्सालय सुकमा से मेडिसिन विशेषज्ञ, जिला सर्वेलेंस अधिकारी तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी की टीम रवाना की गई थी। टीम के द्वारा मृतकों के परिजनों से मुलाकात किया गया एवं मृत्यु के कारणों को जानने की कोशिश की गई जिसमें यह पाया गया कि सभी मृतक उल्टी-दस्त एवं बुखार का लक्षण बताया गया। गांव में स्थानीय बैगा-गुनिया के घर नयापारा में 04 मरीज एवं कुजांमपारा में 02 मरीज जो मलेरिया पॉजिटिव पाये गये है। जिन्हे स्वास्थ्य टीम के द्वारा उपचार हेतु अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई परंतु मरीजों के द्वारा अस्पताल आकर उपचार करने हेतु तैयार नहीं होने के कारण मेडिकल टीम के द्वारा प्राथमिक उपचार कर टीम वापस लौट गई। यहां पर 14 अक्टूबर 2024 से लगातार स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। सभी घरों में ओआरएस पाउडर एवं क्लोरिन गोली वितरित की जा चुकी है। लगभग 15 दिवस पूर्व बरसात होने के कारण स्थानीय नाले भर गये थे चूंकि ग्राम चितलनार के कुंजामपारा एवं नयापारा में पेयजल स्त्रोत नहीं होने के कारण नाला का पानी का उपयोग पेयजल के रूप में किया जाता है। वर्तमान में उप स्वास्थ्य केन्द्र में अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी छिन्द?गढ की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 बिस्तर लगाकर ग्रामीणों का ईलाज किया जा रहा है और वर्तमान में स्थिति नियत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता से अपील किया गया है कि किसी प्रकार की उल्टी-दस्त, बुखार या अन्य किसी प्रकार की बीमारी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर ईलाज अवश्य करावें। उन्होंने बताया कि मृतक व्यक्तियों में सुकलू उम्र 61 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त एवं सांस की तकलीफ, सुकरी उम्र 58 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त पूर्व से बीमारी हार्ट-अटैक, दशमी उम्र 27 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त, सुखरी उम्र 58 मृत्यु का कारण अज्ञात बीमारी, चैतु उम्र 45 मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त, सोमारी करटामी उम्र 45 मृत्यु का कारण बुखार एवं उल्टी-दस्त से हुआ है।

## नशा मुक्ति अभियान में विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई



**सुकमा, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहीद बापू राव महाविद्यालय सुकमा में छात्र-छात्राओं के साथ एक नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।इसके साथ ही, महाविद्यालय की बालिकाओं के साथ पिंक रिबन क्लब के गठन पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर 15 पिंक रिबन क्लब गठित किए गए, जो नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर और स्टाफ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## कलेक्टर देवेश कुमार ने चितलनार में स्वास्थ्य शिविर का लिया जायजा



**सुकमा, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने चितलनार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जांच शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित मरीजों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य शिविर के निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने ग्रामीणों को मच्छरदानी के उपयोग और साफ-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि इस मुद्दे पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बीमारियों की रोकथाम की जा सके। प्रमुख स्थानों पर जागरूकता-कलेक्टर ने निर्देशित किया कि हॉट बाजार, स्कूलों, अस्पतालों और बस्तर ओलंपिक में स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित किया जाए। इन स्थानों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## तेलंगाना वन विभाग ने 27 परिवारों को तारलागुड़ा में छोड़ा



**सुकमा, 17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ छोड़ तेलंगाना के भूपालपल्ली जिले में रह रहे 27 परिवारों को तेलंगाना वन विभाग ने किया जमीन और घर से देदखल. घरों में तोड़फोड़ और पिटाई कर छत्तीसगढ़ बॉर्डर तारलागुडा में लाकर छोड़ा। ग्रामीणों ने किया बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी से संपर्क, पूरी कार्रवाई पर विधायक ने जताया एतराज प्रशासन से बात करके विधायक ने सरकार से पूरे मामले में हस्तक्षेप करने की की माँग बेदखल किए गए परिवारों में बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के परिवार शामिल।

# पैरी नदी में बने साढ़े 25 करोड़ के नवागांव एनीकेट में पानी नहीं होने की खूब है चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 17 अक्टूबर।** त्रिवेणी संगम में विश्व प्रसिद्ध पंचमुखी कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर से महज कुछ ही दूरी पर पैरी नदी में सन् 2015-16 में नवागांव एनीकेट का निर्माण किया गया है। साढ़े 25 करोड़ की लागत से छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग ने बनाया है। वर्षा ऋतु हाल ही में विदा हुई है और एनीकेट में पानी नहीं है इस बात को लेकर धमतरी, रायपुर, गरियाबंद तीनों जिला में खूब चर्चा हो रही है। लोग तो यहां तक कह रहे हैं यदि एनीकट में पानी नहीं रोकना है तो फिर करोड़ों रुपया खर्च क्यों किया गया। यह हाले दिल इसी वर्ष का नहीं है बल्कि हर साल यह माजरा देखने को मिलता है। इस मिनी जलाशय का निर्माण हुआ तो आसपास के हजारों लोगों में खुशी थी कि अब पानी का लेवल कभी कम नहीं होगा। भूजल स्तर हमेशा बना रहेगा परंतु अब तो उल्टा हो रहा है। बताया जाता है कि यह धमतरी जल संसाधन विभाग की देखरेख में है। इनके लगभग सारे गेट खुले हुए हैं। कुछ मात्रा में धार चल रहा है वह पानी भी खुला गेट से निकल रहे हैं। नतीजा यह है कि अभी से लोगों को चिंता सता रही है कि अब क्या होगा। अभी तो बरसात का मौसम भी ठीक से नहीं गया है, कहीं जल स्तर बैठ गया तो हजारों लाखों लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

इस चित्र को देखने के बाद शायद कहने की जरूरत नहीं होगी कि नदी में रेत कण दिख रहे हैं या फिर मिट्टी की परत



जमी हुई है जिसे हरी घास ने जकड़ लिया है और तो और उसमें बड़े-बड़े पौधे भी बाहर निकले हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य सिर्फ एनीकेट के पास का ही नहीं है बल्कि चौबेबांधा पुल से आगे तक ऐसा ही दिखाई दे रहा है। तो अब उजला रेतीले नदी कहां छिप गई है या फिर कोई छिपा दिया है। समझने वाले के लिए इशारा काफी होता है कुछ भी हो नदी का अस्तित्व दिन-ब-दिन विकराल रूप ले रही है। हमने कुछ लोगों से चर्चा किया तो उन्होंने साफ कहा कि शासन और सरकार को रेत के धंधा से फुर्सत मिले तब नदी की सुरक्षा करें। उम्र दराज बिसाहू राम, चैन सिंह,परऊ राम नदी के पास ही मिल गए, इसे जब पूछा गया तो अपने जमाने की बात को याद करके मदमस्त हो गए और कहा कि नदी की रेत में चलने से ही पांव साफ हो जाता था। अब तो चलने की बात तो दूर एक कदम भी रखो तो और गंदा हो जाता है।

### नवीन कुम्भ कल्प मेला ग्राउंड यहीं पर

जानकारी के मुताबिक नवीन कुंभ कल्प मेला ग्राउंड इसी के ऊपर बनना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने लगभग 64 एकड़ जमीन आरक्षित किया है जिस पर हर साल मेला लगाने की बात कहते हैं और अंततः पुराने मैदान पर ही लगता है। जो भी हो भविष्य में इसी मैदान में मेला लगना है। दूर देश से आए हुए साधु संत इसी नदी में डुबकी लगाकर शाही स्नान करेंगे। इसके लिए तीन स्नान कुंड भी बनाया गया है। जब वह नदी में पांव रखेंगे तब उन्हें रेत नहीं बल्कि मिट्टी का आभास होगा। ऐसे में उनकी सोच कैसे बनेगी यह प्रश्न दिलचस्प होता जा रहा है। बावजूद इसके बड़े-बड़े घास फूस को यदि साफ किया जाता है तो लाखों करोड़ों रुपए ऐसे ही बर्बाद हो जाएंगे। मिट्टी को हटाने में न जाने कितने दिन लगेंगे कह पाना मुश्किल है।

### माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक 15 से 20 दिन ही लबालब रहता है एनीकट

बताया जाता है कि माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक 15 दिनों के लिए नवागांव एनीकट में पानी भरकर लबालब किया जाता है और इसी से त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान के लिए पानी सप्लाई होता है। जैसे ही मेला खत्म होती है उसके बाद फिर से गेट खुला कर देते हैं। सारा पानी बह जाता है। वैसे भी गर्मी के दिनों में पानी के एक-एक बूंद बहुत कीमती होता है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह हश्र होता है। अब पानी का महत्व बताने वाले विभाग को कौन बताएं की पानी बहुत कीमती है इन्हें व्यर्थ ना बहाएं।

## एक नजर

### पटवारी कार्यालय के समक्ष होगा अटल परिसर का निर्माण



**महासमुंद 17 अक्टूबर।** बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में अध्यक्ष सभाकक्ष में प्रेसीडेन्ट इन कौसिल (पीआईसी) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुल 12 प्रस्ताव लाए गए जिस पर चर्चा पश्चात सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, निखिलकान्त साहू, पवन पटेल, डमरूधर मांझी, सीएमओ विजय पांडेय, उप अभियंता शंकर दयाल शर्मा, करण यादव, गुमान ध्रुव मौजूद रहे।

इन प्रस्ताव पर हुई चर्चा-जाति एवं मूल निवास के प्राप्त आवेदनों पर जाति एवं निवास निर्णय। वार्ड 03 एवं 18 में मोबाईल टॉवर के प्राप्त शिकायत पर निर्णय। पार्षद निधि से डस्टबीन क्रय किया जाएगा। पार्षद निधि / अन्य मद से निर्माण कार्य हेतु जोनल टेंडर आंमत्रित किया जाएगा। विभिन्न वार्डो में जीर्ण-शीर्ण सड़क मरम्मत / बीटीरोड पेच रिपेयर कार्य के कार्योत्तर अनुमोदन एवं अंतिम देयक को स्वीकृति प्रदान किया गया। पार्षद निधि से विभिन्न वार्डो में बोर कराया जाएगा। वार्ड 8 मोहम्मद हनीफ कुरैशी के जल शुल्क समस्या का निराकरण पर निर्णय लिया गया। अध्यक्ष द्वारा 24/09/2024 से 14/10/2024 तक विभिन्न कार्यों के लिए पीआईसी की प्रत्याशा में दिये गए प्रस्तावों की स्वीकृति। वार्ड 15 पटवारी कार्यालय के सामने अटल परिसर स्थापना का निर्माण किया जाएगा। पटवारी कार्यालय के पीछे सामुदायिक भवन प्रथम तल काव्यांश भवन निर्माण पर निर्णय के साथ ही शहर इंदिरा मार्केट की जर्जर दुकानों की मरम्मत का प्रस्ताव पारित किया गया।

### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया महिला किसान दिवस

**महासमुंद 17 अक्टूबर।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एवं विस्तार शिक्षण संस्थान गुवाहाटी, असम के सहयोग से मंगलवार को कृषि विकास किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में महिला किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि में बदलाव लाने में महिला उद्यमियों की भूमिका विषय पर चर्चा की गई। साथ ही जिले के महिला कृषकों, उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। जिले के उद्यमी महिला कृषकों जो साग-सब्जी उत्पादन, बागवानी कार्य, दलहन तिलहन फसलों के उत्पादन एवं कृषक उत्पादन संगठन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिला कृषकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप संचालक कृषि एफआर कश्यप द्वारा महिला कृषकों को धान के बदले दलहन, तिलहन मक्का एवं रागी की फसल लगाने प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग से डॉ. परमजीत सिंह कंवर सहायक संचालक कृषि, गणेश्वरी बंजारे अनुविभागीय कृषि अधिकारी महासमुंद, कुणाल चंद्राकर विषय वस्तु विशेषज्ञ, डॉ रविश केशरी विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद, मनोज पटेल कृषि विकास अधिकारी, अभिषेक शर्मा एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला किसान उपस्थित रहे।

### दृष्टिबाधित काशी राम ने बनाया मानस मंडली म्यूजिक बैंड

**महासमुंद 17 अक्टूबर।** जिले के मामाभांचा गांव के निवासी काशी राम कमार, जो शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं, उन्होंने अपनी विकलांगता को कभी भी अपने सपनों को पूरा करने में बाधा नहीं बनने दिया। उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव उन्हें अपने जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करता रहा। वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी आजीविका चलाते थे और ऑर्गन बजाने में निपुण हो गए थे, लेकिन उनके पास अपना ऑर्गन न होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अपनी इस समस्या को हल करने के लिए काशीराम ने कलेक्टर को आवेदन दिया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और आवश्यकता को समझते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को त्वरित रूप से ऑर्गन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभाग ने तत्परता से काम करते हुए उन्हें ऑर्गन प्रदान किया। इस ऑर्गन ने काशी राम के संगीत सफर को नई दिशा दी। ऑर्गन प्राप्त करने के बाद काशीराम ने गांवों में संगीत कार्यक्रम आयोजित करने शुरू कर दिए, विशेष रूप से शादी के कार्यक्रमों में। इसके अलावा, उन्होंने मानस मंडली नामक एक ग्रुप तैयार किया, जो गांवों में रामायण कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। इस ग्रुप को मानस मंडली म्यूजिक बैंड के रूप में पहचान मिली, जो अब विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देते हुए अच्छी आमदनी कर रहे हैं और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं।

### सेन्ट्रल लाईब्रेरी के द्वितीय तल एवं केन्टीन के लिए 21 तक आवेदन

**बीजापुर,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेन्ट्रल लाईब्रेरी बीजापुर में लाईब्रेरी का द्वितीय तल एवं कैन्टीन किराये पर दिये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है।

आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2024 सायं 5 बजे तक तथा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक एवं प्राप्त आवेदनों को निविदाकारों के समक्ष खोलने की तिथि 28 अक्टूबर 2024 अपरान्ह 4 बजे निर्धारित किया गया है। आवेदन प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने कन्या छात्रावास, स्कूल,अस्पताल का किया निरीक्षण

**महासमुंद, 17 अक्टूबर।** जिले के सरायपाली विकासखंड अंतर्गत कन्या छात्रावास, स्कूल, हॉस्पिटल एवं निर्माणाधीन आदिवासी छात्रावास का औचक निरीक्षण कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को किया। इस दौरान कलेक्टर ने कन्या छात्रावास में छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं के लिए भोजन, पानी और स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। छात्राओं से पढ़ाई और अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और कक्षाओं का अवलोकन किया। स्कूल में शिक्षा के स्तर और अन्य गतिविधियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए।इसी तरह उन्होंने 100 बिस्तर अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया। जहां चिकित्सा सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता की जांच की। डॉक्टरों और स्टाफ से रोगियों के इलाज और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में आने



वाले मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। निर्माणाधीन आदिवासी हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ठेकेदार और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सरायपाली गौरव पथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी तरह की कमी को तत्काल दूर किया जाए और नियमित निगरानी रखी जाए ताकि सुविधाओं में सुधार हो सके और बेहतर सेवाएं मिलें। इस दौरान एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, तहसीलदार श्रीधर पंडा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक विक्रम मंडावी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा पत्र

**बीजापुर,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक पत्र लिखा है जिसमें विधायक विक्रम मंडावी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग करते हुए कहा कि सलवा-जूडूम के दौरान छत्तीसगढ़ के सीमा में वसे गांवों के सैकड़ों ग्रामीण समीप के तेलंगाना राज्य के गांवो में जाकर कई वर्षो से वस गए है और अपना जीवन-यापन कर रहे है। लेकिन दिनांक 14/10/2024 को तेलंगाना राज्य के जयशंकर भूपालपल्ली जिले के गांव वेनल मड़गू में ग्रामीणों के साथ वन विभाग द्वारा रात्रि के समय जाकर ग्रामीणों के घरों मे तोड़-फोड़ कर तथा मारपीट कर वीजापुर जिले के सीमा से लगे ग्राम तारलागुड़ा में लाकर छोड़ दिया गया है। जिससे सैकड़ों ग्रामीण अपने घरो से एवं गांवो से वेदखल हो गए है। इसलिए तेलगांना में बसे ग्रामीण जो कि वर्तमान मे अपने घरों से वेदखल हुए है उनकी समस्याओं पर तेलंगाना शासन से बात करते हुए उचित पहल किया जाए ताकि सैकड़ो ग्रामीण अपने घरों में पुनः बस जाए और अपना जीवन-यापन कर सके।



## जिला अस्पताल का सर्वर फेल,मरीजों की लगी लंबी कतार

**रायगढ़, 17 अक्टूबर।** जिला अस्पताल के सर्वर में दिक्कत आने के कारण यहां उपचार कराने आने वाले मरीज व परिजनों को तो परेशानी का सामना करना ही पड़ा, साथ ही मेडिकल बोर्ड होने के कारण भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे, जिससे इनको भी घंटों कतार में खड़े होने के बाद भी बगैर जांच कराए ही लौटना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को मेडिकल बोर्ड होने के कारण जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग मेडिकल बनवाने के लिए पहुंचे थेए साथ ही इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव होने चलते लोगों के भी सेहत पर असर पड़ रहा है। जिसके चलते बुधवार को सुबह से ही ओपीडी काउंटर व आईपीडी काउंटर पर मरीज व उनके परिजनों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान सुबह करीब 10



बजे अचानक जिला अस्पताल का सर्वर ही फेल हो गया, जिससे पर्ची कटाने के लिए कतार में खड़े लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान अस्पताल कर्मचारियों का कहना था कि अब एआईए का जमाना हैए जिसके चलते ओपीडी से लेकर आईपीडी तक सब कुछ ऑन लाईन हो गया है। जिससे मेनुअल काम तो लगभग बंद ही हो गया हैए जिससे घंटाभर इंतजार के बाद भी सर्वर में सुधार नहीं हो पाने से कतार लगातार बढ़ती जा रही थी। ऐसे में कई मरीजों का जांच नहीं हो पाने के कारण बगैर उपचार के वापस लौटना पड़ा। ऐसे में शहर के आसपास के लोग तो दूसरी पाली में आकर जांच करा लिएए लेकिन दूर.दराज के मरीजों को वापस लौटना पड़ाए जिससे इनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब हो कि बुधवार को सर्वर फेल होने के बाद जब ज्यादा लोगों की ज्यादा भीड़ हो गई तब अस्पताल कर्मचारियों द्वारा मेनुअल पर्ची देना शुरू किया गयाए लेकिन इस दौरान कतार अधिक होने के कारण ओपीडी बंद होने का समय हो गया, जिससे ज्यादा मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। जिसको लेकर मरीज व परिजनों में नाराजगी देखी गई। इस संबंध में मेडिकल बनवाने के लिए आए लोगों से बात की गई तो उनका कहना था कि बुधवार को जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड बैठता हैए लेकिन आज सर्वर फेल होने से किसी की जांच नहीं हो पाया तो किसी का एक्स.रे व ब्लड जांच की रिपोर्ट नहीं मिली है। ऐसे में अब इनको अगले बुधवार का इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में कई लोग ऐसे थे, जिनको नौकरी के लिए मेडिकल जांच कराना थाए जिससे इनको अब फिर सप्ताहभर का इंतजार करना पड़ेगा।

### क्या कहते हैं अधिकारी

विभागीय अधिकारियों का कहना था कि विगत दो-तीन दिन से दिल्ली से ही सर्वर से दिक्कत आ रही हैए जिससे बुधवार को कई घंटे तक सर्वर बंद रहा। हालांकि कुछ मरीजों को मेनुअल पर्ची दी गई, ताकि उनका तत्कालिक जांच हो सकेए ऐसे में अब जितने की मेनुअल पर्ची कटी है, उनको भी अब दोबारा ऑनलाईन करना पड़ेगा, जिससे मरीजों के साथ कर्मचारी भी परेशान हो रहे हैं।

## जल जीवन मिशन योजना से सीतानगरम को मिल रहा शुद्ध पेयजल



**बीजापुर,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम सीतानगरम, ग्राम पंचायत चन्दूर विकासखण्ड भोपालपटनम जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ग्राम सीतानगरम विकासखण्ड भोपालपटनम से 30 कि.मी. की दूरी पर है, ग्राम में कुल 22 परिवार निवासरत है।पूर्व में ग्राम सीतानगरम में 6 हैण्डपंपों की स्थापना की गई है। हैण्डपंपों की स्थापना घरों से अधिक दूरी पर स्थापित होने के कारण ग्रामवासियों को लंबी कतार लगाकर हैण्डपंपों का उपयोग करना, गर्मी, बरसात के समय पर कड़ी घूप व बरसातों में भिगते हुये पानी लाना पड़ता था।जल जीवन मिशन योजना आने के बाद ग्राम सीतानगरम में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से ग्राम में बसे प्रत्येक परिवारों के घरों में जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है, गांव में 22 नग घरेलू नल कनेक्शन किये गये है सीतानगरम में ग्राम सभा के दौरान जल जीवन मिशन योजना आने से ग्रामवासियों अत्याधिक उत्साहित है। सरपंच श्री अशोक मडे बताते है कि अब हर-घर नल लग जाने के बाद घरों में ही स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके समय की बचत हो रही है और बचत समय का उपयोग अब हम आसानी से अन्य कार्यों में दे पा रहे है। ग्रामवासी बताते है कि समय-समय पर पंप ऑपरेटर के माध्यम से नल बंद चालू किया जा रहा हैं। जिससे सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में जल प्रदाय हो रहा है।17 जनवरी 2023 को ग्राम सभा का आयोजन कर हर-घर जल प्रमाणीकरण कार्य किया गया जिसमें सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता श्री दौलत राम बंजारे एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू मौजूद थे। ग्रामवासी वासम बंजारे बताते है कि ग्राम सीतानगरम के सभी घरों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है, जिससे समस्त ग्रामवासी अत्याधिक प्रसन्न है। घरों में शुद्ध पेयजल प्राप्त होने पर ग्रामवासियों को जल की समस्या का निराकरण हुआ है। जिसके लिये सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ सरकार एवं केन्द्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बिहार के वन मंत्री ने गरियाबंद औषधि प्रसंस्करण केंद्र का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 17 अक्टूबर।** गरियाबंद केशोडार में स्थापित वनों औषधि प्रशंसकरण केंद्र की ख्याति अब धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ से बाहर अन्य और प्रदेश में फैलती जा रही है आज इस प्रशँसकरण केंद्र का अवलोकन करने बिहार के वन, सहकारिता मंत्री एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार गरियाबंद पहुंचे थे उन्होंने प्रशँसकरण केंद्र में पहुंच अयोर्वेदिक दवाइयां के निर्माण को लेकर विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी ली तथा वहां स्थापित विभिन्न निर्माण रत मशीनों का अवलोकन कर स्व सहायता समूह के महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे दवाइयां को लेकर महिला समूह से विस्तृत चर्चा की इस अवसर पर उन्होंने जड़ी बूटियां को प्राप्त करने का स्थान उनके बनाने व जड़ी बूटियां को शुद्ध कर औषधि के रूप में किस तरह निर्माण करते हैं उनके बेचने कहां व किन-किन केदौं में जाना पडता है पूरी तरह से इन स्थितियों को देखने व समझने के बाद कहा बिहार में भी या पैटर्न निश्चित रूप से लागू किया जाएगा ताकि लोग आधुनिक दावाओ के दुस परिणाम से बच सके पुरानी जड़ी बूटि पद्धति पर पुनः लौटकर के पूर्णता स्वस्थ हो सके आज मैं महसूस करता हूं कि बिहार में भी इस तरह के जड़ी बूटी प्रसंस्करण केदो की आवश्यकता निश्चित रूप से महसूस की जा रही है।

दरसल बिहार के वन मंत्री पवन कुमार रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता का आयोजन में अतिथि के रूप में पहुंचे थे जिसके बाद आज गरियाबंद पहुंच वन प्रशाँसकरण केंद्र में पहुंच जड़ी बूटियां के माध्यम से निर्माण निर्माण की दवाइयां का अवलोकन कर उनकी पुरी प्रक्रिया की जानकारी ली जिसके अंतर्गत दवाइयां कहां से आती है किस तरह इसके निर्माण होते हैं इसकी शुद्धता के लिए क्या किया जाता है तथा इसके निर्माण के पश्चात किन-किन स्थानों पर इस बिक्री हेतु भेजा जा रहा है आम जनों के बीच इसकी कितनी उपयोगिता और कितनी डिमांड कितनी है इन बातों को यहां के अधिकारियों ने उन्हें बतलाया कि वे यहां निर्मित दवाइयां की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं मांग अधिक है पूर्ति नहीं हो पा रही है वे लगातार इसकी पूर्ति करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी पहुंच सके साथ ही



उन्होंने यह भी बताया कि यहां निर्मित दवाइयां की मांग अन्य प्रदेशों में तो है ही। पूर्व राष्ट्रपति माननीय प्रतिभा पाटिल के जोड़ों के दर्द के लिए भी यहां से दर्द निवारक तेल भेजा गया था जिससे उन्हें काफी राहत मिली थी और उन्होंने इस थे इस दवाई की प्रशंसा की थी । इन स्थितियों के बीच जब बिहार के वन मंत्री पवन कुमार से चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि यह पैटर्न वह बिहार में भी लागू करेंगे कोशिश करेंगे कि बिहार के लोगों को आयुर्वेदिक दवाओं की ओर ज्यादा जुड़े और उनका ज्यादा से ज्यादा लाभ हो क्योंकि करोना कल में जो आयुर्वेदिक दवाइयां गिलौरी (काढा )बनाकर पीने से जो राहत मिला है यह निश्चित रूप से पूरे देश को एक नई दिशा दिया है और लोगों का झुकाव आयुर्वेदिक की ओर बढ़ा है बिहार भी जल्द ही इसको लागू करेगा और कोशिश करेगा कि वहां भी महिला सहायता समूह के माध्यम से महिला अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर हो ।जब उनसे पूछा गया कि झारखंड चुनाव की क्या स्थिति है तो उन्होंने कहा झारखंड में भ्रष्टाचार व्यापक पैमाने पर है अब वहां की जनता सोच चुकी है उसको बदलने का समय आ गया है वहां की सरकार को अब लोग नहीं चाह रहे हैं भ्रष्टाचार से थक गए हैं वहां के लोग अब शांति चाहते हैं लोग डबल इंजन की सरकार चाहते हैं मोदी जी के साथ जुड़कर के काम करना चाहते हैं और झारखंड मे बदलाव की स्थिति स्पष्ट नजर आ रही है ।बिहार के मुख्यमंत्री के लगातार पार्टी बदलने को लेकर जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की मूल रूप से भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर के ही रहे हैं कुछ समय को छोड़ दिया जाए तो वे अलग बात है लेकिन अब नीतीश कुमार जी ने कहा है वे कहीं नहीं जाएंगे भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर रहेंगे ।यह पूछे जाने पर की ÷क्या यह मान लिया जाए कि नीतीश कुमार सुबह का भुले जो शाम को घर आ गए÷ तो उन्होंने हंसते हुए कहा नीतीश कुमार जी भूल कभी नहीं थे आज भी वह भारतीय जनता पार्टी में है कल भी जो भारतीय जनता पार्टी में थे उनका दिल हमेशा भारतीय जनता पार्टी में रहा है ।इस अवसर पर उनके साथ गरियाबंद के डीएफओ लक्ष्मण सिंह एस डीओ अतुल श्रीवास्तव के साथी अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे साथ ही बिहार से आए हुए वन अधिकारी भी साथ में रहे थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल की 28 छात्राओं को साइकिल वितरण



**बीजापुर,17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माध्यमिक स्तर की छात्राओं को घर से स्कूल आने जाने मे परेशानी ना हो इस उद्देश्य से राज्य सरकार ने सरस्वती सायकल योजना शुरू कर जिले के विभिन्न स्कूलो मे माध्यमिक स्तर की छात्राओं को सायकिल वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को बीजापुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल मे नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया भाजपा वरिष्ठ नेता सेवाराम भूत की मौजूदगी मे 28 छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया साईकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी देखी गई अब उन्हें घर से स्कूल आने जाने मे तकलीफ नहीं होगी साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान विधालय के प्राचार्य प्रभाकर राजा शर्मा प्रधान अध्यापिका अख्तरी खान एंव स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे

# 1500 किमी पदयात्रा कर 14500 फीट ऊंचे गणेशटॉप हिल पर फहराया तिरंगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 17 अक्टूबर।** मनुष्य अपने मन की शांति के लिए क्या कुछ नहीं करता वह पहाड़ों पर चढ़ जाता है कठोर प्रण करता है ऐसे ही 8 लोगों ने अपने मन में आध्यात्मिक शांति लाने के लिए तथा राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से 96 दोनों में 1800 किमी से अधिक दूरी पैदल यात्रा करके जम्मू कश्मीर के पहलगाम से आगे गणेशटॉप शिखर जो की समुद्र तल से 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है वहां पहुंचकर तिरंगा झंडा लहराया दादरगांव पुराना निवासी 35 वर्षीय रामकुमार यादव के मन में एक विचार आया कि पैदल यात्रा कर जम्मू कश्मीर के किसी बेस कैंप पर चला जाए एवं रास्ते पर जन मानस में राष्ट्र शक्ति को जागृत करते तथा आध्यात्मिक शांति के लिए जनमानस को जागृत करते साथ ही साथ राष्ट्र शक्ति को जनता की शक्ति बताने की पहल किया जाए।

उन्होंने अपने साथ चेलक 28 वर्ष आरंग रमाकांत 28 वर्ष उड़ीसा बद्रीनारायण 36 वर्ष जांजगीर चांपा जयप्रकाश 25 वर्ष उड़ीसा कमलेश्वर वर्मा 40 वर्ष आरंग प्रदीप कुमार 28 वर्ष उड़ीसा एवं संतोष साहू 27 वर्ष उड़ीसा को जोड़ा और जनसेवा समिति के बैनर चले यह आध्यात्मिक यात्रा शुरू किया भीषण गर्मी के दिन 24 मई 2024 को यह यात्रा रायपुर बंजारी माता मंदिर से प्रारंभ हुई पश्चात बिलासपुर मरवाही चित्रकूट हमीरपुर फिरोजाबाद आगरा मथुरा फरीदाबाद दिल्ली पठानकोट होते जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप पहुंचे पश्चात आगे जाकर गणेशटॉप शिखर पर तिरंगा लहराए रामकुमार यादव ने बताया कि वह प्रतिदिन 15-20 किलोमीटर पैदल चलते थे यात्रा प्रातः भोर में शुरू होती थी दिन में विश्राम होता था और पुनः शाम को यात्रा होती थी भवन आवास की व्यवस्था स्थानीय जनों के सहयोग से मंदिर धर्मशाला आदि भवनों पर होती थी उन्होंने बताया कि उनकी यात्रा लगभग 96 दिन चली गणेशटॉप शिखर पर आज तक किसी ने तिरंगा नहीं फहराया है क्योंकि अत्यधिक ऊंचाई पर होने के कारण वहां आक्सीजन की कमी होती है।

वहाँ जाने से पहले जिला अस्पताल में पहले स्वास्थ्य जाँच होती है पूर्ण स्वस्थ घोषित होने पर ही यात्रा की अनुमति दी जाती है अब तक केपगुपा जो कि 13500 फीट ऊंचाई पर है लोग यहाँ तक पहुंच पाये थे हमारी यात्रा के दौरान यूपी मध्यप्रदेश दिल्ली पंजाब राजस्थान जम्मू के लोगों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सहयोग किया गया यात्रा के दौरान हम सभी ने प्रसिद्ध मंदिरों देव स्थलों का दर्शन किया।चूंकि यह राजनीतिक यात्रा नहीं थी इसलिए किसी बड़े नेताओं मंत्रियों से मिलने की आवश्यकता नहीं पड़ी। हिन्दू धर्म के प्रचार प्रसार यात्रा की सबसे मुस्किल यात्राओं में से यह एक थी वापस रायपुर आने के पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी चौक रायपुर में तिरंगा ध्वज स्थापित कर यात्रा का समापन किया गया।

## समाचार संक्षेप

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तिल्दा-नेवरा थाना का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**तिल्दा-नेवरा, 17 अक्टूर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाने में चल रही व्यवस्था का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह तिल्दा नेवरा थाने पहुंचे अंदर दाखिल होते ही थाना प्रभारी अविनाश सिंह से लेकर अन्य स्टाप ने थाने में पुलिस कप्तान का अभिनंदन किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने थाने में रीडर रूम, रिकार्ड रूम, बंदीगृह, कम्प्यूटर रूम से लेकर माल खाने में जब्त सामान व अन्य दस्तावेज की जांच करते रहे। एसपी संतोष कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस में एफआईआर अपडेट करने वाले पुलिसकर्मियों से बात कर उनसे काम के दौरान होने वाली परेशानी व अन्य जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने थाने के सभी विवेचको से बात कर उन्हें पेंडिग मामलों को सुलझाने व जांच में आरोपी को सजा मिल सके इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। थाने का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। पुलिस कप्तान के द्वारा सभी से ड्रक्स तथा नारकोटिक्स के कारोबार के संबंध में विस्तार से पूछताछ तथा अवैध कारोबार के संबंध में कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा जनता से पुलिस थाना आने पर कैसे व्यवहार करना चाहिए विस्तार से जानकारी दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक के अतिरिक्त सभी उपनिरीक्षक व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### आकांक्षा को माता पिता ने मोबाइल नहीं दिया तो दादी के कामों में हाथ बंटाने लगी



**भखारा, 17 अक्टूर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आधुनिकता के इस दौर में मोबाईल सबकी ज़रूरत बन गया है।एक घर में प्रति सदस्यों के पीछे मोबाईल उपलब्ध है।इसका बुरा असर बच्चों में पड़ने लगा है।मोबाइल चलाने की लत बच्चों को लगने लगा है।नतीजन बचपन गायब सा हो गया है।पहले के ज़माने में शाम होते ही मोहल्ले के बच्चे एक जगह इकट्ठा होकर विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल-खेला करते थे परन्तु आज मोबाईल के आने से बच्चों में शारीरिक गतिविधि कम हो गया है। बचपन अभी मोबाईल स्क्रीन पर वीडियो स्क्रॉल कर रहा है।ऐसे समय में एक बच्ची अपने दादी के साथ दीवाली के कामों में उनका हांथ बटा रही है यह मोबाईल में वीडियो देखने से तो अच्छा ही है। उल्लेखनीय है कि दीपावली के पर्व को महज 15 दिन शेष है।जिसकी तैयारी ग्रामीण क्षेत्रों में बखूबी देखा जा सकता है।घरों की सफाई के साथ ही मिट्टी के घरों में छबाई का कार्य किया जा रहा है।इस दौरान एक पांच साल की बेटी अपने दादी के साथ घरों की छबाई करते हुए दिखी।बेटी का नाम आकांक्षा है जो बोरझरा में रहती है।अपनी दादी शारदा रात्रे के साथ कामों में हांथ बटा रही है।उनकी दादी ने बताया कि आकांक्षा अभी पांच साल की है और वह अन्य बच्चों जैसे ही मोबाईल ज्यादा देखती है।आज इनके मम्मी पापा ने उन्हें डांटकर मोबाईल देने से मना कर दिया।थोड़ा देर रोई फिर भी मोबाइल नहीं मिलने पर वह मेरे पास आकर बैठ गई।कुछ देर तक छबाई के काम को देखती रही और फिर मेरे साथ काम करने की ज़िद्द करने लगी।मना करने के बाद भी वह नहीं मानी और सिर में गमछा बांधकर मिट्टी हाथ में लेकर खेलने लगी खेलते-खेलते मिट्टी छबाई का काम करने लगी। वहीं लोगों का कहना है कि मोबाइल के आने से बच्चों का बचपन छीन सा गया है।मोबाईल के दुषप्रभाव से वर्तमान में बच्चों को बचाना बड़ी चुनौती हो गया है।ऐसे में बच्चों को पढ़ाई और अन्य पारिवारिक माहौल में व्यस्त रखना ही इसका समाधान है।


**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्रमांक /अ 27 वर्ष 2024-25
ग्राम-नेवरा, प.ह.नं. 18

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नीरज कुमार, ललित कुमार, जितेन्द्र कुमार पिता सत्यनारायण, रूखमणि बेवा सत्यनारायण, निवासी- गांधी चौक नेवरा द्वारा ग्राम नेवरा, प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित आवेदकगणों के नाम पर हक एवं स्वामित्व की संयुक्त परिवर्तित भूमि का पक्ष क्रमांक 01- नीरज कुमार पिता सत्यनारायण वो रूखमणि पति सत्यनारायण के हिस्से में खसरा नंबर 247/2 प्लाट नं. 59/2 का रकबा 9527 वर्गफुट लगान 128.25 रू., पक्ष क्रमांक 02- ललित कुमार पिता सत्यनारायण के हिस्से में खसरा नंबर 238/1, 247/3, 243, 247/2 प्लाट नं. 32, 55, 41 का भाग, 41 का भाग, 53 का भाग, 53 का भाग रकबा क्रमशः 3145, 3096, 1497, 398, 8275, 292 वर्गफुट कुल ख.नं. 04 कुल प्लाट नं. 06 कुल रकबा 16703 वर्गफुट, लगान 74.57 रू., पक्ष क्रमांक 03- जितेन्द्र कुमार पिता सत्यनारायण के हिस्से में खसरा नंबर 243, 247/2 प्लाट नं. 41 का भाग, 41 का भाग, 41 का भाग, 53 का भाग, 53 का भाग, 53 का भाग का रकबा 1096, 398, 1809, 3838, 292, 340 वर्गफुट कुल ख.नं. 02 कुल प्लाट नं. 06 कुल रकबा 7773 वर्गफुट लगान 62.85 रू. खाता अलग करने आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 04.11.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)


## एक नजर

### सतनामी स्वाभिमान दिवस में धमतरी से शामिल होगा सैकड़ों युवाओं का काफिला



**भखारा, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 18 अक्टूबर को गुरु बालदास साहेब का अवतरण दिवस है।इस अवसर पर सतनामी समाज ने गुरु बालदास साहेब के जन्मोत्सव को सतनामी स्वाभिमान दिवस के रूप में रायपुर में मना रहा है।इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाना है।इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में धमतरी से सैकड़ों युवाओं की टीम रायपुर कुच करेगा। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि गुरु बालदास साहेब की संघर्षों के परिणाम स्वरूप सतनामी समाज लगातार प्रगतिपथ पर अग्रसर है।उन्होंने बताया कि जब-जब सतनामी समाज पर अन्याय, अत्याचार हुए है तब-तब गुरुजी अत्याचारियों के समक्ष खड़ा होकर समाज की रक्षा किया है।उन्होंने अत्याचार के खिलाफधरना प्रदर्शन, कई सामाजिक आंदोलन किए है जिसके परिणामस्वरूप आज सतनामी समाज उनके जन्मदिवस को सतनामी स्वाभिमान दिवस के रूप में मना रहा है।इस कार्यक्रम में धमतरी से सैकड़ों युवाओं टीम कल रायपुर रवाना होगा।इसकी जानकारी सभी ब्लॉक अध्यक्षों को दिया गया है।उनके मार्गदर्शन में समाजजन रायपुर पहुंचेंगे।

### मेडिकल कालेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी, 2 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी चंदराम यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम पुराना खर्वे द्वारा थाना कसडोल रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके पुत्र को मेडिकल कालेज मे प्रवेश दिलाने के नाम पर आरोपियों दीपराज गायकवाड एवं राज गायकवाड द्वारा 16 जून 2023 से 14 फरवरी 2024 के मध्य ग्राम पुराना खर्वे मे अलग-अलग किस्तो से कुल 40,00,000 ले लिया गया, लेकिन मेडिकल कालेज में प्रवेश नही दिलाया और ना ही अब पैसे वापस कर रहे है। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 450/2024 धारा 420 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। की प्रकरण में थाना कसडोल से निरीक्षक रितेश मिश्रा, सउनि मेघनाथ बंजारे, प्रधान आरक्षक राजू टण्डन एवं आरक्षक टीका राम साहु की पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को 16 अक्टूबर को रायपुर से हिरासत मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया जिसमें दोनों आरोपियों द्वारा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर प्रार्थी से 40 लाख रुपए की रकम अलग-अलग किस्तों में ठगी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में 16 अक्टूबर को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किये जाने कि प्रक्रिया की जा रही है।

# निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को किया नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 17 अक्टूबर।** एस.के. गेंदले विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा तथा किरण कुमार वर्मा विकास स्त्रोत समन्वयक सिमगा के द्वारा आज विभिन्न शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शासकीय प्राथमिक शाला रिंगनी में कार्यरत 4 शिक्षकों में से 3 शिक्षक रोशन लाल गिलहरे प्रधान पाठक, लता टंडन सहायक शिक्षक, अमित बहादुर सिंह (लंबी अनुपस्थिति में है जिसकी जानकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय में प्रतिवेदन भेजा चुका है) शालेय समय में बिना आवेदन के अनुपस्थित पाए गए अतएव इन शिक्षकों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संतोष प्रद जवाब नहीं पाए जाने की स्थित एक दिन का वेतन काटने की कारवाही किया जायेगा।

शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा में शाला का पढ़ाई का स्तर स्त्रस्ह के अनुरूप पाया गया कक्षा 3 एवं कक्षा 5 के छात्रों से मौखिक सवाल पूछने पर छात्र बहुत अच्छे से जवाब दे रहे थे। शाला प्रांगण शिक्षा के अनुकूल पाया गया तथा संस्था प्रमुख ताराचंद जायसवाल के द्वारा जन सहयोग एवं पंचायत के सहयोग से शाला में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों (बाउंड्री वाल में तार फेंसिंग तथा किचन शेड का छत मरम्मत)को पूर्ण कराया गया है। जो निश्चित रूप से अन्य विद्यालय के लिए प्रेरणास्पद है। इस कार्य के लिए समस्त ग्रामवासी धन्यवाद के पात्र है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानीजरौद में त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन शांति पूर्ण ढंग से होना पाया गया तथा प्राथमिक शाला रानीजरौद में कक्षा 3 के छात्रों से सामान्य जानकारी जोड़ना घटना हल कराने पर आसानी से हल कर पा रहे थे। प्राथमिक शाला में पढ़ाई का स्तर अच्छा पाया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन पकाने वाले रसोइयों को साफ सफाई में विशेष ध्यान देते हुए गुणवत्तायुक्त भोजन छात्रों को प्रदान करने के लिए निर्देश दिया गया।

शासकीय हाई स्कूल आमाकोनी में त्रैमासिक परीक्षा उपरांत कक्षा 10 वीं के छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा विभिन्न सत्य घटना पर आधारित कहानियों तथा अपने खुद के जीवन से जुड़े हुए घटनाओं के द्वारा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया। हाई स्कूल आमाकोनी, फरहदा तथा हायर सेकेंडरी स्कूल सुहेला के समस्त स्टाफके साथ गत वर्ष बोर्ड परीक्षा के परिणाम पर समीक्षा बैठक लिया गया जिसमें छात्रों के पढ़ाई का स्तर सुधारने तथा इस वर्ष पिछले वर्ष से बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें प्रतिमाह समीक्षा बैठक लिया जाएगा।

शासकीय प्राथमिक शाला फरहदा में 3 शिक्षक कार्यरत है जिसमें से 2 उपस्थित मिले 1 शिक्षक श्रीमती विमला बघेल 2 अक्टूबर से लगातार अनुपस्थित है जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जवाब संतोष प्रद नहीं मिलने पर वेतन काटने की कार्यवाही किया जाएगा। माध्यमिक शाला फरहदा में 4 शिक्षक कार्यरत है सभी शिक्षक अपने कर्तव्य पर उपस्थित पाए गए तथा सभी शिक्षकों द्वारा शिक्षक डेली डायरी का संधारण नियमित रूप से किया जाना पाया गया।इसी प्रकार नियमित रूप से सिमगा विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा लगातार शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा। शैक्षणिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमी पाए जाने पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा जवाब संतोषप्रद नही पाए जाने पर प्रतिवेदन कार्यवाही के लिए उच्च कार्यालय को भेज दिया जाएगा।

### बैठक में सभी समाज के प्रमुखों ने शांति से रहने का आश्वासन दिया



**सिमगा, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 16 अक्टूबर को ग्राम लांजा में तहसीलदार सिमगा, थाना प्रभारी सिमगा, ग्राम प्रमुखों तथा स्थानीय पत्रकारों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभी हाल में गांव में घटित हत्या की घटना के संबंध में एवं ग्राम में सभी पक्षों में सुलह के संबंध में परिचर्चा किया गया। बैठक में सभी समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे तथा सभी लोग आपस में एक राय होकर शांतिपूर्वक रहने का आश्वासन दिए हैं। साथ ही अपने-अपने समाज के नवयुवकों को समझाने का प्रयास करते हुए धैर्य से काम लेकर गांव की शांति व्यवस्था सदैव अग्रणी रहने हेतु समझाइस देने का निर्णय लिया गया।

# ग्रामीणों ने की आईटीआई कॉलेज के पास से चखना सेंटर हटाने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 17 अक्टूबर।** नगर पंचायत भखारा में विगत कई वर्षों से देशी एवं विदेशी शराब दुकान संचालित हो रहा है जिसमें अंवरी, पुरेना, जोरातराई, सिंगदेही, भेंड़सर व आसपास के मदिरा प्रेमी भखारा मार्ग में स्तिथ भेंड़सर मोड़ के पास संचालित चखना सेंटर में शराब सेवन करते थे जिसे आसपास की ग्रामीणों की शिकायत के बाद नगर पंचायत एवं पुलिस टीम द्वारा चखना सेंटर को हटाने के लिए कार्यवाही किया गया था लेकिन वहां से सभी चखना सेंटर हटने के बाद सुपेला बाईपास मार्ग के पास औधोगिक प्रशिक्षण संस्था के पीछे नगर पंचायत की शासकीय भूमि पर मिट्टी डालकर कब्जा कर चखना सेंटर संचालित किया जा रहा है जिससे चखना सेंटर में शराब पीने वाले शराबियों द्वारा उपद्रव करना शुरू कर दिया गया है जिससे आसपास के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

बता दें कि औधोगिक प्रशिक्षण संस्था होने के कारण बच्चे वहां पढ़ने आते हैं और सुपेला बाईपास मार्ग से आसपास के स्कूली छात्र भी भखारा पढ़ाई के लिए आते हैं जो कि उपद्रवी और आसामाजिक तत्वों के चलते सुपेला सहित आसपास के लोग और आरटीआई में पढ़ने वाले छात्र परेशान है इस सम्बंध में नगर पंचायत सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि नगर पंचायत की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर अवैध चखना सेंटर संचालित किये जाने की शिकायत मिली है बहुत जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया जाएगा।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने कार्यो की समीक्षा की

# निर्माण कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं:कलेक्टर

■ आयुष्मान कार्ड के लिए हर माह 10 एवं 25 तारीख को शिविर का होगा आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें कलेक्टर सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के काम काज की विस्तृत समीक्षा की है।

इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने कसडोल एवं भाटापारा के कुछ क्षेत्रों में कुष्ठ के मरीज बढ़ने पर चिंता जाहिर की है। जिसको लेकर कलेक्टर सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मुख्यालय में नही रहने की शिकायतों को बड़ी गंभीरता से लेते हुए मुख्यालय में रहने की हिदायत दी गई है। साथ ही कलेक्टर ने कहा की चिरायु टीम शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों तक जाए एवं बच्चों का कवरेज बढ़ाएं. कलेक्टर ने राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में डेटा एंट्री जो पिछड़ी हुई थी उसमें निर्देश के बाद आये सुधार पर सन्तुष्टि ज़ाहिर करते हुए इसमें और तेज़ी लाने को कहा है। आयुष्मान कार्ड जिनके अब तक पेंडिंग है उसमें समन्वय बना कर उस समस्या का निराकरण शीघ्र ही कराया जाना चाहिए एवं जिन कारणों से आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाए है।

उन्होंने प्रति सप्ताह आयुष्मान पंजीयन की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को देने के निर्देश संबधित नोडल अधिकारी को दिए है। कार्ड बनाने के लिए शिविर और गृह भ्रमण ज़ारी रखने को कहा है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में हितग्राहियों को जिला से समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया में सहयोग के लिए भी कहा। कलेक्टर ने सिकल सील की कम जांच सहित टीबी कार्यक्रम में लक्ष्य अनुरूप कार्य न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द कार्य योजना बना कर पूर्ण करने को कहा। टीबी में पेंडिंग रूटीन डेथ ऑडिट को शीघ्र करने के निर्देश दिये। जिले में अधूरे भवन निर्माण कार्य पर सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी को सूची उपलब्ध करवाने को कहा जिससे समय सीमा की बैठक में इसे रख कर पूरा करवाया जा सके। कई स्थानों पर सीजीएमएससी के पेंडिंग कार्य पर भी संबधित अधिकारी को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए है। सोनी ने सभी बीएमओ को अपने कार्यालय में सुझाव एवं शिकायत पेटी लगवा कर उसमें डाले गए पत्रों को निश्चित दिवस पर खोल निराकरण के भी निर्देश दिए। उक्त समीक्षा बैठक में समीक्षा बैठक में 108 तथा 102 वाहन के सम्बंध में भी शिकायत पाई गई।

108 में यह शिकायत पाई गई कि वाहन के ड्राइवर निजी अस्पतालों में मरीज को ले जाते हैं जबकि 102 में वाहन चालक की कमी है। कलेक्टर ने 108 के प्रभारी को इसमे लिप्त वाहन चालक को हटाने को कहा साथ ही लापरवाही से हुई मृत्यु पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की भी चेतावनी दी है।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

दूरभाष नं.- 07856-252224, 252862 (फैक्स)
E-mail : spdantewada@gmail.com

क्रमांकः पु.अ./दंते./एसी./एम/(2024-25)/NIT-05/ 2024 — दंतेवाड़ा, दिनांक : 15.10.2024

**(संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर, छ.ग. द्वारा जारी शेड्यूल ऑफ रेट (एस.ओ.आर.) दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दरों के आधार पर लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के 'ई' रजिस्टर्ड, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर मुहरबंद निविदायें दो लिफाफा पद्धति से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 25.10.2024
2- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 29.10.2024 के शाम 05.00 बजे तक
3- निविदा खोले जाने की तिथि :- 30.10.2024 के प्रातः 11.00 बजे
4 - निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रु. 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800 अन्य प्राप्तियाँ)
5- कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (कार्य आदेश दिनांक से)
6- सक्षम ठेकेदारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अन्तर्गत 'डी' श्रेणी अथवा उससे अधिक

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | थाना बारसूर हेतु 04-नग टॉयलेट/बाथरुम निर्माण कार्य | 5.56 लाख | 4200/- |
| 02 | थाना कुआकोण्डा हेतु 04 नग टॉयलेट/बाथरुम निर्माण कार्य। | 5.56 लाख | 4200/- |
| 03 | ''ए'' कंपनी कैम्प बड़ेसुरोखी थाना गीदम हेतु 03 नग टॉवर मोर्चा निर्माण कार्य। | 6.00 लाख | 4500/- |

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के सक्षम खोले जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जावेगी। निविदा से संबंधित शर्तें एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

जी-242503212/3

पुलिस अधीक्षक
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

एक नजर

## जीएसटी सरलीकरण के सम्बंध में सुझाव दिए



**रायपुर, 17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज कॉन्फ्रेंस हॉल, नया सर्किट हाउस, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति (जीआरसी) की बैठक संपन्न हुई जिसमे विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य आयुक्त (कस्टम, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, केंद्रीय जीएसटी) चन्द्र प्रकाश गोयल, कमिश्नर सेन्ट्रल जीएसटी, मो. अबु समा एवं राज्य जीएसटी आयुक्त, पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मिलकर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी ने बताया कि आज राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति (जीआरसी) की बैठक संपन्न हुई जिसमे चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करने हेतु चन्द्र प्रकाश गोयल को ज्ञापन सौंपा।

## ज्ञापन देने के बावजूद फोन नंबर चस्पा नहीं

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** विगत दिनों रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से 3 सितम्बर को रेल पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर के यह मांग की गई थी कि रेलवे स्टेशन रायपुर में सभी प्लेटफार्मों में संचालित टी स्टल एवं फूड स्टाल सहित रेलवे स्टेशन के सभी प्रवेश द्वारों में यात्री सुरक्षा एवं स्टेशन की सुरक्षा हेतु पुलिस थाने का फोन नंबर व थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर सभी जगह चस्पा करने की मांग की गई थी। आज एक माह से ज्यादा समय बीत जाने के पश्चात भी पुलिस विभाग के द्वारा नंबर चस्पा नहीं किये गए हैं। जिससे आम रेल यात्रियों को किसी प्रकार की घटना होने पर काफी दिक्कत हो रही है साथ रात में जो वेंडर स्टालों में काम करते हैं वह भी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि रेलवे स्टेशन रायपुर में रात दिन यात्री का आना जाना लगा रहता है यदि पुलिस सहायता का नंबर चस्पा होगा तो किसी प्रकार की कोई घटना घटने की स्थिति में यात्री तुरंत फोन लगा कर सहायता ले सकता है।

## हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी बिल्डरों के अवैध कब्जों पर कार्रवाई नहीं





**रायपुर, 17 अक्टूबर।** राजधानी में हो रहे अवैध निर्माण एवं फर्जी तरीके से सरकारी जमीन पर कब्जा को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकार आंदोलन समिति ने घोर निन्दा की है बुधवार को पत्रकारवार्ता कर समिति के अध्यक्ष बनमाली छुरा, आशीष तांडी ने बताया कि राज्य शासन और रायपुर नगर निगम छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देशो का पालन नहीं किया जा रहा है। छग हाईकोर्ट के निर्देशो पर तीन महीने गुजर जाने के बाद भी पूंजीपतियों बिल्डरों लां विस्टा और वृंदावन कालोनी के प्रमोटरों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव आमिताभ जैन को शपथ पत्र देकर अतिक्रमण मुक्त करने की जानकारी न्यायालय में प्रस्तुत करने और इस कार्य में लिप्त आधिकारी- कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश थे।

यह पूरा मामला अमलीडीह के नहर-नाला पर कब्जा कर मकान बनाकर बेचे जाने का है। उक्त नहर-नाला की भूमि जिसका खसरा नंबर 25, 195 रकबा 1.339, 4.1080 हेक्टेयर है, इस पर बिल्डरों ने गलत लेआउट पास करवा कर मकान निर्माण कर बेचे दिया। इस भूमि को अपना बताकर गार्डन और भवन निर्माण किया है। इसमें लां विस्टा और वृंदावन कालोनी के प्रमुख प्रमोटर शामिल है। इसके अलावा कुछ अन्य छोटे बिल्डर एवं प्राइवेट लोगों ने भी मकान बनाकर सरकारी जमीन भूमि पर कब्जा कर रखा है।

# 18 को अधिसूचना के साथ शुरू होगा नामांकन भरने का सिलसिला

## जिलाधीश कार्यालय में सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए 18 अक्टूबर को नामांकन पत्र भरने के लिए अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गौरव सिंह ने आज नामांकन प्रक्रिया की तैयारी के लिए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में आचार संहिता लागू कर दी गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सभी कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। इसके तहत 13 नवम्बर को उपचुनाव के लिए मतदान होगा तथा 23 को परिणाम घोषित किया जाएगा। 18 नवम्बर से 25 नवम्बर के मध्य नामांकन पत्र भरा जाएगा। इसके लिए 18 नवम्बर को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा में कुल 2 लाख 70 हजार मतदाता हैं। इनमें से पुरुषों की संख्या 1 लाख 33 हजार और महिलाओं की संख्या 1 लाख 37 हजार है। इस चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका प्रमुख होगी। आयोग के अनुसार प्रत्याशी 40 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है। आयोग द्वारा सुरक्षा के लिए पांच कंपनियां बुलाई गई है। स्थानीय निर्वाचन शाखा के अधिकारियों के अनुसार मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है। नामांकन भरते वक्त तीन वाहनों की अनुमति दी जाएगी।

**कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों का चयन शीघ्र:** भारतीय जनता पार्टी उपचुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा 19 अक्टूबर को कर दिए जाने के संकेत हैं। भाजपा की सूची में सुनील सोनी, संजय श्रीवास्तव, सुभाष तिवारी, मृत्युंजय दुबे एवं मीनल चौबे के नाम शामिल हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार हाईकमान शीघ्र ही इस संबंध में फैसला करने वाला है। अभी तक रिकार्ड है कि सत्तारूढ़ दल ही उपचुनाव जीतते आया है। भाजपा के शिवरतन शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी अग्रवाल को पर्यवेक्षक बनाया गया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत चार मंडल आते हैं। सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों से प्रत्याशी चयन को लेकर रायशुमारी की गई है।




■ राजनीतिक दलों के प्रत्याशी चयन को लेकर कवायद तेज

### 20 को सचिन पायलट करेंगे प्रत्याशी का चयन

कांग्रेस में भी प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन जारी है। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 20 अक्टूबर को आ रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। कांग्रेस की ओर से प्रमोद दुबे, राजीव वोरा, कन्हैया अग्रवाल नाम चर्चा में है। कांग्रेस ने विभिन्न पार्षदों के अलावा अन्य लोगों को वार्ड का प्रभारी बना दिया है। दीपावली होने के कारण प्रत्याशियों से कार्यकर्ताओं को भारी अपेक्षाएं हैं।

सिरदर्द



**रायपुर, 17 अक्टूबर।** राजधानी की प्रमुख सड़कों पर नेताओं के जन्मदिन, आगमन, स्वागत के पोस्टर व कटआउट का कचरा नगर निगम के लिए सिरदर्द बन गया है।

## उपचुनाव में 9 उड़नदस्ते चुनावी खर्च पर रखेंगे निगरानी

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए संपूर्ण जिले में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है. साथ ही नौ उड़नदस्ता दल (एफएसटी), 12 स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) और दो वीडियो अवलोकन दलों (वीवीटी) का गठन किया गया है. इसके साथ ही निर्वाचन व्यय पर कड़ी निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में चार स्थैतिक नाकों की भी स्थापना की गई है. टिकरापारा थाना के अंतर्गत देवपुरी में, पुरानी बस्ती थाना के अंतर्गत भाठागांव में, आजाद चौक थाना के अंतर्गत अग्रसेन चौक में और कोतवाली थाना के अंतर्गत सुभाष स्टेडियम में ये स्थैतिक नाके स्थापित किए गए हैं।

## राज्य स्तरीय बास्केटबॉल के लिए सेक्टर टीम घोषित



**रायपुर, 17 अक्टूबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आठ एवं नौ अक्टूबर को अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खेल कौशल के आधार पर रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि रायपुर सेक्टर की टीम कल 16 अक्टूबर से रायगढ़ में आयोजित इंटर सेक्टर राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में शामिल होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज रायगढ़ रवाना होगी। रायपुर सेक्टर की टीम इस प्रकार है-: मानसून बेग, डोमेन्द वर्मा (दोनों सेंट विसेंट पैलोटी कॉलेज), पंकज धोतिया( विवेकानंद महाविद्यालय), देवेंद्र बंजारे, दिनेश बाग, आदित्य क्षेत्रपाल (तीनों दुर्गा महाविद्यालय), दीपेश ध्रुव( विप्र कॉलेज ), अनिकेत, हर्ष भारती (दोनों महन्त कॉलेज), धीरेंद्र वर्मा (विवेकानंद महाविद्यालय), वीरेंद्र (महंत महाविद्यालय), सत्येंद्र (सेंट विसेन्ट पैलोटी कॉलेज) तथा ज्ञानेंद्र भाई, विप्र महाविद्यालय टीम के कोच व मैनेजर होंगे।

## दानी स्कूल मार्ग में चौपाटी का विरोध

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने बुढ़ापारा दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में निर्माणाधीन चौपाटी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा संख्या वाली गर्ल्स कॉलेज, गर्ल्स स्कूल के साथ ही वहां बच्चियों का छात्रावास भी है। ऐसे स्थान पर चौपाटी खुलने से बेटियों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता है अतः इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी पिछले 20 सालों में अनेक बार चौपाटी बनाने का प्रयास किया गया और जन विरोध के चलते हर बार निर्णय वापस लिया गया है। अग्रवाल ने कहा कि चौपाटी निर्माण का काम 2018 में हमने जन सहयोग और प्रशासन के सहयोग से बंद कराया था उसे पुनः 2024 में प्रारंभ किया गया है। पहले से ज्यादा ताकत के साथ मुंबईया कंपनी (जिसमें मुंबई का कोई नहीं है) ने चौपाटी बनाने के लिए कार्य प्रारंभ किया है। दानी स्कूल के मुख्य द्वार के ठीक सामने और रूफटॉप वाली दुकान बन करके तैयार है। रूफटॉप कैफे इस नाम दिया गया है।

## मंडी बोर्ड के रिक्त पदों पर भर्ती, सीमित अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा साक्षात्कार में

■ पांच नवम्बर से शुरू होगा साक्षात्कार, अंक भी सीमित किए गए

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** कृषि उपज मंडी विपणन बोर्ड में रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर चला आ रहा विवाद शीघ्र हल हो जाएगा। कृषि उत्पादन आयुक्त ने नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में साक्षात्कार लेने की तिथि तय कर दी है। इसमें सिर्फ 95 अभ्यर्थियों को ही बुलाया जाएगा।

मंडी बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार मंडी बोर्ड में दो सहायक संचालक, 10 वरिष्ठ सचिव, 15 कनिष्ठ सचिव पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। यह परीक्षा व्यापमं के माध्यम से ली गई थी। व्यापमं ने परीक्षा होने के बाद उत्तीर्ण लोगों का नाम मंडी बोर्ड भेज दिया था। बंद लिफाफे में यह नाम सीमित हो गया था। इसके चलते अफवाहों का दौर शुरू हो गया। प्रदेश शासन के कृषि उत्पादन आयुक्त ने सभी विवादों को देखते हुए सहायक सचिव के दो पदों के विरुद्ध 6 अभ्यर्थियों को बुलाने का निर्णय लिया है। इसी तरह 10 वरिष्ठ सचिव एवं 15 कनिष्ठ सचिव के 25 पदों के विरुद्ध 40 अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है। साक्षात्कार में कुल 10 अंक रखे गए हैं। मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने विभिन्न राजनीतिक पहुंच एवं लेन-देन की आशंका को निराधार बताया है। आम लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी दलाल के बहकावे में न आवें।

कृषि उपज मंडी विपणन बोर्ड में पिछले कई वर्षों से वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सचिव के पद रिक्त पड़े हुए थे जिसके कारण यहां का कामकाज प्रभावित हो रहा था। बोर्ड में पदस्थापना को लेकर लंबे अरसे से खेल चल रहा था। भारत शासन के निर्देश पर मंडी की शाखाओं में ही धान की खरीदी की जाती है। इसके एवज में एक राशि दी जाती है। वर्तमान में मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक एसके सवन्नी हैं जो कि भाजपा के नेता के नजदीकी रिश्तेदार हैं। इनकी सेवाओं में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

## अयोध्या में 57 दिवसीय महायज्ञ 2 नवम्बर से

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या, भगवान राम की जन्मभूमि, एक अद्वितीय और ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन की मेजबानी करेगी, जिसमें महा नारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्त्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन 2 नवंबर से 28 दिसंबर, 2024 तक किया जाएगा। कलयुग में इस प्रकार का यज्ञ पहली बार हो रहा है और संभवत पूरे विश्व का अब तक का यह सबसे बड़ा महायज्ञ है। यह 57 दिवसीय महायज्ञ, जो कांची कामाक्षी अम्मा की प्रेरणा से हो रहा है, सनातन धर्म के प्रचार, विश्व शांति और वैश्विक कल्याण के लिए समर्पित है।




## बालिफूल वेलकम टू बस्तर सिनेमाघरों में 18 से

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** फिल्म बालिफूल वेलकम टू बस्तर का निर्माण सौम्या वेंचरस, के बैनर तले हुआ हैं, फ़िल्म के निर्माता अजय अग्रवाल एवं निर्देशक डॉ. पुनीत सोनकर हैं, ये फिल्म 18 अक्टूबर 2024 को पूरे छत्तीसगढ़ के करीब 18 सेंटर एवं 6 मल्टी प्लेक्स मे एक साथ रिलीज़ हो रही हैं, फ़िल्म के स्टारकास्ट भुनेश साहू, हेमा शुक्ला, गोविंदा विश्वकर्मा, अंजली ठाकुर, डॉ. संजय तेलंग, डॉ. पुनीत सोनकर, संतोष थापा, भानुमति कोसरे, नीलेश देवांगन, विनोद नेताम जानी, मनोज राजपुत, रवि शर्मा, भीखराय साहू, घनश्याम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, वर्षा सारथी, सोनिया, पायल आदि हैं। मेहर खान है। फिल्म का कहानी संवाद नीलेश देवांगन, एक्शन विक्की सिंह ठाकुर, कोरियोग्राफी चन्दन दीप, दिलीप बैस, करण निहाल, मेकअप बलदेब संधू द्वारा किया गया हैं। फिल्म का जोनर रोमांस, एक्शन, कॉमेडी, इमोशन से भरा हुआ हैं।

फ़िल्म बस्तर की पृष्ठभूमि पर बनी हैं। बस्तर में किस तरह भोले-भाले आदिवासी भाईयो-बहनों व निवासियों को शासन-प्रशासन व नक्सलियों द्वारा दिग्भ्रमित किया जाता हैं। फिल्म के माध्यम से हमने इन समस्याओ को व समस्या का समाधान बताने का एक प्रयास किया हैं। आपके माध्यम से हम आम दर्शकों से अपील करना चाहते हैं कि, वे फ़िल्म देखने अवश्य आये, और फिल्म के माध्यम से बस्तर से अवगत हो जुड़ाव महसूस कर सके। इस फ़िल्म को रिलीज से पहले राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के करीब 22 अवाड्र्स मिल चुके हैं. जो हमे बल देता हैं कि, हमारी प्रस्तुति सही समस्या को बता रही है साथ ही उसका समाधान भी बता रही हैं।




## उत्पादन में उत्सर्जन मानदंडों का पूरा ख्याल

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** भारत की प्रमुख और सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाई ने अपने सभी उत्पादों को उत्सर्जन मानकों के अनुरूप बना लिया है। प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, दरवाजे और विनियर जैसे लकड़ी के उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले चिपकने वाले पदार्थ (ग्लू) से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन हो सकता है। चूंकि ये उत्पाद घरों के अंदरूनी हिस्से को सुंदर बनाते हैं और पीढ़ियों तक चलते हैं, इसलिए इनसे निकलने वाली हानिकारक गैसें सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। मानकों के आधार पर बने चिपकने वाले पदार्थों का उपयोग करने से ये उत्पाद बहुत कम हानिकारक गैसें छोड़ते हैं, जिससे घर के अंदर की हवा सुरक्षित रहती है और परिवार के सदस्यों की सेहत पर कोई बुरा असर नहीं होता।

## बच्चों ने आरती व मंगल दीपक विधि सीखी

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर की पावन प्रेरणा से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चों ने इस संडे को आरती व मंगल दिवो की विधि सिखी। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस वर्तमान काल में बच्चों के दैनिक जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति संडे बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन कराया जाता है। इसी कड़ी में आज बच्चों को परमात्मा की आरती व मंगल दिवो विधि सिखाई गई। जिनमंदिर व दादाबाड़ी में प्रतिदिन प्रातः व संध्या आरती की जाती है। महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि सभी मंदिरों में प्रतिदिन प्रातः व संध्या आरती अवश्य की जाती है। परमात्मा की आरती हमारे जीवन में सद्गुणों का प्रकाश आलोकित करती है। बचपन से ही बच्चों को आरती में सम्मिलित होने की आदत डालनी चाहिए। जय जय आरती आदि जिनंदा, नाभिरया मरुदेवी के नंदा एवं दिवो रे दिवो प्रभु मंगलीक दिवो आरती उतारण बहु चिरंजीवो, एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में आरती व मंगल दीपक किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि आज सौ से ज्यादा बच्चों को तीर्थंकर परमात्मा की प्रतिदिन आरती व मंगल दीपक विधान की जानकारी, आरती करने का सही तरीका व आरती का महत्व समझाया गया।



## जेसीआई सुपर चैप्टर के 13 अध्याय अध्यक्ष घोषित

**रायपुर, 17 अक्टूबर।** भारतीय जूनियर चैम्बर मंडल-9 के अंतर्गत रायपुर में जे.सी.आई. के 2025 के लिए 13 अध्याय अध्यक्षों की घोषणा जेसीआई सुपर चैप्टर के फाउंडर एवं चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा की गई है। जेसीआई कैपिटल अध्यक्ष जैसी हेमंत यादव सचिव गौरव कोठरिया वामा कैपिटल अध्यक्ष - आस्था बाफना, सचिव दिव्या जैन। रॉयल कैपिटल अध्यक्ष धारा विरानी सचिव पालास सीहानी नोबल अध्यक्ष धनश्री भट्ट सचिव नंदिनी सोनी वामंजलि अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत सचिव प्रियंका गुप्ता मेक यूनाइटेड अध्यक्ष रौनक बेंगानी सचिव खुशी कुंभारे संस्कार अध्यक्ष आदित्य सिंह टिकरिहा सचिव अशोक कुमार वर्मा संगवारी अध्यक्ष :- हितेश साहू सचिव :- महेंद्र कश्यप यूथ कैपिटल अध्यक्ष नैंसी बरडिया सचिव पालास अग्रवाल प्राउड कैपिटल अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ पोंप्तानी सचिव एडवोकेट भामेस साहू, कॉरपोरेट कैपिटल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता सचिव पलाश यादव कोंडागांव स्टार अध्यक्ष संयम गोलछा सचिव कुंदन साहू उमंग अध्यक्ष :- त्रिलोचन साहू सचिव :- कुलेश्वर धीवर आई, टी, सी एम्बेसडर के पद पर जैसी आंचल पंजवानी को नियुक्त किया गया।

घोषणा से 15 दिन पूर्व सभी अध्याय के अध्यक्ष पद के दावेदार सदस्यों के इंटरव्यू लिए गए, उन्हें स की जानकारी के साथ नेतृत्व क्षमता की कसौटी पर परखा गया और फिर पूर्व अध्यक्ष और सीनियर्स की सहमति से सभी पद के सदस्यों को निर्वाचित किया गया। इस सभी प्रक्रिया मे कोच अमिताभ दुबे, डायरेक्ट चित्रांक चोपडा, अमितेश पाठक के नेतृव मे सम्पन्न हुआ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26